Website: www.winews.in | Email: winews.in@gmail.com | दिल्ली, नोएडा,हापुड़, फरीदाबाद, मोदीनगर, मेरठ, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, रूड़की, हरिद्वार, देहरादून, मुरादाबाद, बुलंदशहर, अलीगढ़ मथुरा, आगरा,राजस्थान, पंजाब, बहराइच,रामपुर, लखनऊ, काशीपुर, देवन्बद में प्रसारित

दैनिक वेलकम इंडिया
गाजियाबाद से प्रकाशित हिन्दी दैनिक
RNI NO. UPHIN/2018/76874
नये भारत की नई सोच

वर्ष: 6 अंक: 301 | रविवार, 02 नवंबर -2025 (गाजियाबाद) | पेज-8 | मूल्य-एक रुपया

## छत्तीसगढ़ में गरजे पीएम मोदी

# माओवादी हिंसा मुक्त देश का संकल्प करेंगे पूरा

**नई दिल्ली।**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि माओवादी हिंसा मुक्त देश का संकल्प पूरा करेंगे। वर्ष 2014 में जब सरकार चलाने का अवसर मिला, तब हमने देश को माओवादी हिंसा से मुक्त कराने का संकल्प लिया था। तब सवा सौ जिले माओवाद की चपेट में थे, अब सिर्फ तीन जिले बचे हैं। ये जिले भी जल्द माओवादी हिंसा से मुक्त हो जाएंगे। प्रधानमंत्री शनिवार को छत्तीसगढ़ के 25वें स्थापना दिवस के अवसर पर नवा रायपुर में आयोजित समारोह को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर उन्होंने विधानसभा के नए भवन के लोकार्पण के साथ सड़क, उद्योग, स्वास्थ्य और ऊर्जा जैसे प्रमुख क्षेत्रों से जुड़ी 14260 करोड़ से अधिक की विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास भी किया। पीएम मोदी ने कहा कि मैंने गरीबी को करीब से देखा है, इसलिए प्रधानमंत्री बनने के बाद गरीबों के कल्याण पर ध्यान केंद्रित किया। उन्होंने अपने राजनीतिक स्वार्थ के लिए आपके साथ दशकों तक अन्याय किया है। पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने जिस छत्तीसगढ़ का सपना देखा था, वह आज विकास का वटवृक्ष बन गया है। प्रधानमंत्री मोदी ने छत्तीसढ़ के एक दिवसीय दौरे के दौरान ब्रह्माकुमारीज संस्थान के शांति शिखर एकेडमी फार ए पीसफुल वर्ल्ड रिट्रीट सेंटर का उद्घाटन, पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की प्रतिमा का अनावरण और शहीद वीर नारायण सिंह स्मारक एवं जनजातीय स्वतंत्रता सेनानी संग्रहालय का लोकार्पण किया।

### माओवादी हिंसा का जिक्र करते प्रधानमंत्री हुए भावुक

माओवादी हिंसा का जिक्र करते प्रधानमंत्री भावुक हो गए। उन्होंने कहा कि वह लाखों माताओं–बहनों को अपने बच्चों के लिए रोते–बिलखते नहीं छोड़ सकते। उन्होंने कहा कि जहां कभी बम व बंदूक का खौफ था, वहां अब विकास पहुंच रहा है। बीजापुर के टिकपल्ली गांव को सात दशक बाद बिजली मिली और अबूझमाड़ के रिकायवा गांव में आजादी के बाद पहली बार स्कूल बन रहा है। पूवर्ती में अब लाल झंडे की जगह तिरंगा लहरा रहा है।



## 'हिंसा छोड़ मुख्यधारा में लौटें माओवादी'



**गढ़चिरौली।**

गढ़चिरौली पुलिस के सामने 14 अक्टूबर को आत्मसमर्पण करने वाले शीर्ष माओवादी मल्लोजुला वेणुगोपाल राव उर्फ भूपति ने अपने सक्रिय साथियों से अपील की है कि वे हथियार डालकर मुख्यधारा में शामिल हों और आमजन के बीच काम करें।

वीडियो संदेश में भूपति ने अपने और आत्मसमर्पण करने वाली साथी रूपेश के मोबाइल नंबर भी साझा किए ताकि वे माओवादी जो इस प्रतिबंधित आंदोलन को छोड़ने की इच्छा रखते हैं, वह उनसे संपर्क कर सकें।

माओवादी पोलित ब्यूरो और केंद्रीय समिति के सदस्य, केंद्रीय क्षेत्रीय ब्यूरो के सचिव और सीपीआइ (माओवादी) के प्रवक्ता रहे भूपति ने कहा कि सत्ता और भूमि के लिए सशस्त्र संघर्ष में शामिल साथियों को समझना चाहिए कि उनकी कारगुजारियों ने उन्हें लोगों से दूर कर दिया है और यह विफलता का संकेत है।

## सात नवंबर को दो दिवसीय दौरे पर काशी आएंगे पीएम मोदी



**वाराणसी।**

प्रधानमंत्री काशी से ही खजुराहो के लिए चलने वाली वंदे भारत ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 7 नवंबर को दो दिवसीय दौरे पर काशी आएंगे।

काशी से ही खजुराहो के लिए चलने वाली वंदे भारत ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। यह सप्ताह में छह दिन चलेगी। 26422 वंदे भारत एक्सप्रेस वाराणसी से सुबह 5:25 बजे चलकर विंध्याचल, प्रयागराज छिवकी, चित्रकूट धाम, बांदा, महोबा होते हुए दोपहर 1:10 बजे खजुराहो पहुंचेगी। वापसी में ट्रेन संख्या 26421 खजुराहो से दोपहर 3:20 बजे चलकर वाराणसी रात 11 बजे पहुंचेगी। प्रधानमंत्री 7 नवंबर की शाम पांच बजे बाबतपुर एयरपोर्ट पहुंचेंगे। इसके बाद रेलवे के कार्यक्रम में हिस्सा लेंगे। देर शाम बरेका स्थित गेस्ट हाउस पहुंचेंगे जहां भाजपा कार्यकर्ता और नेताओं ने मुलाकात करेंगे। बरेका गेस्ट हाउस में ही रात्रि विश्राम करेंगे। प्रशासन के मुताबिक प्रधानमंत्री आठ नवंबर को बरेका मैदान से ही चुनाव प्रचार के लिए बिहार रवाना हो जाएंगे।

## राष्ट्रपति मुर्मू का तीन दिवसीय उत्तराखंड दौरा आज से

**देहरादून।**

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू तीन दिवसीय दौरे पर आज उत्तराखंड पहुंचेंगी। तीन नवंबर को विधानसभा के विशेष सत्र को राष्ट्रपति संबोधित करेंगी।

राज्य स्थापना के 25 साल पूरे होने पर रजत जयंती का जश्न शुरू हो गया है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू तीन दिवसीय दौरे पर आज उत्तराखंड पहुंचेंगी। तीन नवंबर को विधानसभा के विशेष सत्र को राष्ट्रपति संबोधित करेंगी। वहीं, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी नौ नवंबर को सैन्य धाम का लोकार्पण करेंगे। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू रविवार को वायु सेना के विशेष विमान से सुबह करीब सवा दस बजे देहरादून एयरपोर्ट पहुंचेंगी। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (सेनि), मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी राष्ट्रपति का स्वागत करेंगे। इसके बाद राष्ट्रपति सेना के हेलिकॉप्टर से हरिद्वार जाएंगी। पतंजलि विश्वविद्यालय बहादराबाद में दीक्षांत समारोह में बतौर मुख्य अतिथि छात्र-छात्राओं को डिग्री प्रदान करेंगी।



रात्रि विश्राम राष्ट्रपति निकेतन में होगा। सोमवार को राज्य स्थापाना दिवस के रजत जयंती पर विधानसभा के विशेष सत्र को 11 बजे संबोधित करेंगी। उसके बाद शाम को नैनीताल स्थित राजभवन में कार्यक्रम में शामिल होंगी। मंगलवार को राष्ट्रपति कैंचीधाम स्थित नीब करौरी बाबा के दर्शन करने के बाद कुमाऊं विवि के 20वें दीक्षांत समारोह में शामिल होंगी। राष्ट्रपति के कार्यक्रम को लेकर दून एयरपोर्ट पर पुलिस, प्रशासन और सुरक्षा एजेंसियों ने रिहर्सल की। राष्ट्रपति के लिए चार हेलिकॉप्टर दो दिन पहले ही एयरपोर्ट पहुंचकर रिहर्सल कर चुके हैं। नौ नवंबर को राज्य स्थापना दिवस पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गुनियाल गांव में सैन्यधाम का लोकार्पण करेंगे। पीएम के प्रस्तावित दौरे को देखते हुए सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी ने सैन्यधाम का निरीक्षण किया। सैन्यधाम में म्यूजियम, थियेटर और लाइट एंड साउंड शो जैसी सुविधाएं विकसित की जा रही हैं, जिसके माध्यम से वीर बलिदानियों की गाथाएं और पराक्रम की जानकारी दी जाएगी।

## इंदौर की केमिकल फैक्ट्री में लगी भीषण आग, दो महिलाएं जिंदा जलीं

**इंदौर।**

आरआर कैट रोड स्थित एक थिनर गोदाम में शनिवार शाम भीषण आग लग गई। हादसे में दो महिलाएं जिंदा जल गईं। बचाव अभियान में पुलिस, फायर और एसडीआरएफ की टीम लगानी पड़ी। आग में झुलसने के कारण गोदाम मालिक की हालत गंभीर है। डीसीपी जोन-1 कृष्ण लालचंदानी के अनुसार गोदाम भैयालाल मुकाती (राऊ) का है, जो सिंधी कालोनी निवासी सूरज वाधवानी को किराए पर दिया था। वाधवानी आइल पेंट बनाने वाली कंपनियों को थिनर की सप्लाई करता है। देवउठनी ग्यारस पर महिलाओं ने यहां दीये लगाए थे। अचानक दीये से महिला की साड़ी में आग लग गई और पूरा गोदाम भभक उठा। जलने वाली महिलाओं की पहचान रामकली अहिरवार निवासी सागर और ज्योति मनोज नीम द्वारकापुरी के रूप में हुई है।



## छात्रों की जुमे की नमाज पर नहीं होगी छुट्टी



**जबलपुर।**


जबलपुर में अंजुमन इस्लामिया वक्फ बोर्ड के स्कूलों में शुक्रवार को अवकाश और रविवार को स्कूल खोलने की जानकारी के बाद प्रशासन व शिक्षा विभाग सक्रिय हुआ। अधिकारियों ने शुक्रवार को अंजुमन इस्लामिया इंग्लिश मीडियम स्कूल पहुंचकर गेट का ताला तोड़वाया और प्रबंधन को संबंधित आदेश वापस लेने के निर्देश दिए। इस स्कूल में लगभग 700 छात्र पढ़ते हैं। प्रबंधन का कहना है कि जुमे की नमाज के कारण छात्रों की संख्या कम होती है। संस्कारधानी में वक्फ बोर्ड की चार शिक्षण संस्थाएं हैं, जहां शुक्रवार को इसी तरह की स्थिति बताई जा रही है। इन सभी स्कूलों में शुक्रवार को जुमे के कारण छुट्टी रहती है, जबकि रविवार को हाफ टाइम तक स्कूल लगता है। डिप्टी कलेक्टर आरएस मरावी ने कहा कि स्कूल में शुक्रवार को छुट्टी की जानकारी मिलते ही रविवार को अवकाश दिए जाने और शुक्रवार को स्कूल खोले जाने के निर्देश दिए गए हैं।

## इसरो आज अपने नाम दर्ज करेगा एक और कीर्तिमान

# बाहुबली संचार उपग्रह सीएमएस-03 के लॉन्च की उल्टी गिनती शुरू

**श्रीहरिकोटा।**

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) आज देश के सबसे भारी संचार उपग्रह सीएमएस-03 को आंध्र प्रदेश के श्रीहरिकोटा स्थित सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र से प्रक्षेपित करने के लिए पूरी तरह तैयार है। लगभग 4,410 किलोग्राम वजन वाला यह उपग्रह भारतीय धरती से प्रक्षेपित होने वाला और जियोसिंक्रोनस ट्रांसफर आर्बिट (जीटीओ) में स्थापित होने वाला सबसे भारी संचार उपग्रह होगा। यह उपग्रह देश के सबसे शक्तिशाली रॉकेट लांच व्हीकल मार्क3-एम5 (एलवीएम3-एम5) के जरिये शाम 5.26 बजे प्रक्षेपित किया जाएगा। बहरहाल, सीएमएस-03 भारतीय भूभाग सहित एक विस्तृत समुद्री क्षेत्र में सेवाएं प्रदान करेगा। यह उपग्रह नौसेना के लिए कनेक्टिविटी को काफी बढ़ावा देगा। यह उच्च क्षमता वाली बैंडविड्थ भी प्रदान करेगा, जिससे दूरस्थ क्षेत्रों तक डिजिटल पहुंच में सुधार होगा। इससे नागरिक एजेंसियों को मदद मिलेगी और रणनीतिक अनुप्रयोगों में सुधार होगा। इसरो ने शनिवार को कहा कि रॉकेट को पूरी तरह से जोड़ दिया गया है और अंतरिक्ष यान के साथ एकीकृत कर दिया गया है तथा प्रक्षेपण-पूर्व कार्यों के लिए इसे 26 अक्टूबर को ही लांच पैड पर ले जाया गया है। 43.5 मीटर लंबा यह राकेट अपने शक्तिशाली क्रायोजेनिक चरण के साथ 4,000 किलोग्राम वजन वाले जीटीओ पेलोड और 8,000 किलोग्राम वजन वाले लो अर्थ आर्बिट पेलोड को अंतरिक्ष में ले जाने में सक्षम है। इसकी इसी क्षमता के लिए इसे 'बाहुबली' नाम दिया गया है। राकेट बूस्टर लिफ्ट आफ, लिक्विड प्रोपेलेंट कोर और क्रायोजेनिक (सी25) - तीन चरणों वाला यह राकेट इसरो को 4,000 किलोग्राम तक के भारी संचार उपग्रहों को कम लागत में जीटीओ में प्रक्षेपित करने में पूर्ण आत्मनिर्भरता प्रदान करता है।



न्यूजीलैंड के लिए इस प्रारूप में दूसरे सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज हैं

## केन विलियमसन ने कहा टी20 अंतरराष्ट्रीय को अलविदा

**नई दिल्ली।**

विलियमसन ने 2011 में न्यूजीलैंड के लिए टी20 अंतरराष्ट्रीय में डेब्यू किया था और अब तक 93 मैचों में 2575 रन बनाए हैं, जिसमें 18 अर्धशतक शामिल हैं। उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 95 रन रहा है। वह न्यूजीलैंड के लिए इस प्रारूप में दूसरे सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज हैं। न्यूजीलैंड के दिग्गज बल्लेबाज केन विलियमसन ने रविवार को टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास की घोषणा कर दी। इसी के साथ लंबे समय से उनके भविष्य को लेकर चल रही अटकलों पर अब विराम लग गया है। हालांकि, विलियमसन ने साफ किया है कि वह न्यूजीलैंड के लिए टेस्ट और वनडे प्रारूप में खेलना जारी रखेंगे। विलियमसन ने 2011 में न्यूजीलैंड के लिए टी20 अंतरराष्ट्रीय में डेब्यू किया था और अब तक 93 मैचों में 2575 रन बनाए हैं, जिसमें 18 अर्धशतक शामिल हैं। उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 95 रन रहा है। वह न्यूजीलैंड के लिए इस प्रारूप में दूसरे सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज हैं। उन्होंने न्यूजीलैंड की ओर से 75 टी20 मैचों में कप्तानी भी की और टीम को 2016 व 2022 में टी20 विश्व कप के सेमीफाइनल और 2021 में फाइनल तक पहुंचाया। अपने इस फैसले की घोषणा करते हुए विलियमसन ने कहा, 'यह एक ऐसा प्रारूप है जिसे खेलना मुझे हमेशा पसंद रहा है। मैं इन यादों और अनुभवों के लिए बेहद आभारी हूं। मुझे लगता है, यह सही समय है जब मैं और टीम, दोनों एक नई दिशा में आगे बढ़ सकते हैं।



## संपादक की कलम से

# सुर्खियों भरे एहसास

हिमाचल की जरूरतें और जिम्मेदारियों के फलक पर मंत्रिमंडल की बैठकों की इच्छाशक्ति और दूरगामी संदेशों पर नजर दौड़ाएं, तो सुक्खू सरकार ने अपने संदर्भों का क्षेत्ररक्षण करना शुरू कर दिया है। अब सरकार अगले चुनावों को अपने इरादों में परिभाषित करने का हर अवसर बड़ा करेगी। जाहिर है सरकारी नौकरियों की मंडी सजेगी और सरकारी नौकर भी पूजे जाएंगे। सरकारी क्षेत्र में रोजगार के 732 नए अवसर, तमाम बेरोजगारों के आवेदनों में सुर्खी भरेंगे, तो स्पोर्ट्स कोटे में 19 खेलों से खिलाडियों के लिए सरकारी कार्यालय की छत का प्रश्रय मिलेगा। शिक्षा विभाग के पिटारे में 805 प्रधानाचार्यों के कार्यालयों का ताला भी खुल रहा है। मंत्रिमंडलीय बैठक का एजेंडा, अपने लिए ऊर्जा के कई स्रोत, संदेश और महत्त्वाकांक्षा खोज कर पेश हुआ है। स्थानीय निकायों की चुनावी फेहरिस्त भले ही घुंघरू पहनने में देरी कर रही हो, लेकिन कुछ बुनियादी प्रश्नों पर सरकार की ओर से फेरबदल स्पष्ट है। नगर निगमों की बिसात पुन: बदल रही है। अब ढाई-ढाई साल की पारियों के बजाय महापौर व उपमहापौर पूरे पांच साल की जिम्मेदारी में नापे जाएंगे, हालांकि पारदर्शिता के लिहाज से इनके प्रत्यक्ष चुनाव की दिशा में अभी फैसला नहीं आया है।



ललित शर्मा
संपादक

दूसरी ओर पंचायतों के पुनर्गठन के लिए हदें खोल दी गई हैं। स्थानीय निकायों के चुनावों से गुजरने की तैयारी में अब एक युद्ध क्षेत्र चिन्हित हो रहा है। हिमाचल निर्माण की तैयारियों में हर सरकार को स्थानीय निकाय चुनावों के हवाले से अपने कार्यकाल का सामाजिक, राजनीतिक व प्रशासनिक ब्यौरा देना पड़ता है और इसी परिप्रेक्ष्य में प्रदेश एक बड़े राजनीतिक मुकाबले की ओर बढ़ रहा है। वर्तमान सरकार हिमाचल में नियोजित विकास के बीच शहरीकरण से ग्रामीण उत्थान तक निर्माण की आचार संहिता को संबोधित करने का प्रयास कर रही है। ग्रामीण स्तर तक निर्माण की अफरातफरी को रोका-टोका जाएगा, तो इसके लिए नियमों की प्रणाली बनाने की गुंजाइश को मंत्रिमंडल की उपसमिति गठित की जा रही है। जाहिर तौर पर टीसीपी कानून के तहत जो अपेक्षाएं सृजित होनी थी, वे कहीं अनिर्णायक स्थिति में रहीं और नियोजन की वास्तविकता शहर तक भी कबाडखाना बन गई। हिमाचल के किसी भी शहर को व्यवस्थित तथा भविष्य के अनुरूप नहीं ठहराया जा सकता, जबकि ग्रामीण इलाके भी अधूरे शहरीकरण की बदसूरती में गुम हो रहे हैं। हिमाचल की तमाम विकास योजनाओं और प्राथमिकताओं के बीच राजनीनिक सोच को हटाकर, दीर्घकालीन मंतव्य पैदा नहीं होते तो सारी कसौटियां सिर्फ चुनावी सफर की कहानियां ही बनी रहेंगी। मंत्रिमंडल ने विभागीय तौर पर प्राकृतिक खेती के आधार को चुस्त-दुरुस्त करने का सपना उगाया है, तो सौर ऊर्जा के निवेश में सहयोगी के रूप में हिमाचल के निजी परिदृश्य को मजबूत किया जा रहा है। स्वरोजगार के अहम पहलुओं में सौर ऊर्जा के अलावा परिवहन क्षेत्र का संबल प्रदान किया जा रहा है। राजीव गांधी स्वरोजगार योजनाओं के तहत मौजूदा एक हजार टैक्सियों को 40 प्रतिशत सबसिडी के साथ, ई टैक्सियों में बदला जाएगा। यहां जरूरी यह भी है कि इलेक्ट्रिक टैक्सियों का इनकी दरों के हिसाब से लाभ आम जनता व पर्यटकों को भी मिले। पर्यटन क्षेत्र को स्वरोजगार व निजी निवेश के आधार पर मजबूत करने के उद्देश्य से सरकार निवेश संवर्धन परिषद का गठन कर रही है। यह एक व्यापक अभियान की शुरूआत हो सकता है, बशर्ते पूरे प्रदेश की संभावनाओं का एक मानचित्र खड़ा किया जाए। हिमाचल में पढ़े लिखे या प्रदेश के बाहर व्यावसायिक अनुभव प्राप्त युवक लौट कर प्रदेश में ही नए कारोबार का श्रीगणेश कर रहे हैं। बेहतर होगा युवा निवेशकों या स्वरोजगार के जरिए सफल हो रहे युवाओं के अनुभव से सरकार अपनी नीतियों को व्यावहारिक बनाए।

## मोनिका डागा



### प्रो. डॉ. रामदरश मिश्र जी (श्रद्धांजलि)

### कविता

वो स्वर्णिम कलम जितने उकेरा हर एहसास को शब्दों में पिरोकर,
लिखा बदलते हुए भारत के रंग-रूप को भावों की स्याही में डूबो कर,
सृजन किएं कई भाषाओं व विधाओं में गीत कविताएं गजलें उपन्यास,
महसूस किया हर मन को जमी से फलक तक साथ- साथ में बहकर ।

चलाई कलम हर विषय पर भयहीन और कहीं हर बात खुलकर,
पढ़ा ज्ञान चक्षुओं से मन की छुपी वेदना को मातृभूमि से जुड़कर,
वो अंबर की छाया मिट्टी की सुंगध प्रकृति का कण-कण उल्लास,
आ. प्रो. डॉ. रामदरश मिश्र जी ने की साहित्य सेवा तन मन अर्पण कर ।

निर्मित किया व जिया एक युग रूपांतरण धैर्यशील विनम्र रहकर,
101 वर्ष की आयु को सूर्य सम जिया विश्व में प्रकाश पुंज बनकर,
दे गए ऐतिहासिक साहित्यिक विरासतें यादें और किस्से बहुत खास,
पद्म श्री और अनेक श्रेष्ठ साहित्यिक पुरस्कारों से विभूषित होकर ।

उनका अतुलनीय योगदान चिरकाल तक गूँजता रहेगा संगीत बनकर,
ली 31 अक्टुबर 2025 को आखिरी श्वास प्रभु को धन्यवाद कहकर,
सिखा गये वो मत छोड़ना तुम मेहनत लग्न साहस और आत्मविश्वास,
आ. मिश्र जी अमर हो गए सभी साहित्य प्रेमियों के दिलों में बसकर ।

पदचिन्हों पर हम उनके चल पाएं हे मॉ शारदा हम तटस्थ होकर,
उपासना करें तुम्हारी सत्य की सशक्त दिव्य ज्योत मन में जलाकर,
शब्द नहीं मिटेगें वो दास्तां कहेंगे वो ₹आनन्द₹ भाव भरेगें आस-पास,
कल छोड़ कुछ यादें विलीन हो जायेगें हम भी मृत्यु की गोद में सोकर ।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक ललित कुमार द्वारा वेलकम इंडिया प्रिन्टर्स, 1/26, साउथ साइड, जी टी रोड़, गाजियाबाद-201001 से मुद्रित कराकर ग्राउन्ड फ्लोर , दुर्गा टॉवर, आर.डी.सी राजनगर, गाजियाबाद 201002 से प्रकाशित किया । संपादक : ललित शर्मा
सम्पर्क सूत्रः 9891116568

किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा गाजियाबाद न्यायालय में ही होगा।

# रेवड़ी संस्कृति: लोकतंत्र का आधार या प्रलोभन की डगर?




वोट किसी के द्वारा दी जा रही मुफ्त सुविधाओं के लिए नहीं, बल्कि भविष्य की स्थिरता, सुशासन और सच्चे विकास के लिए दिया जाना चाहिए। मतदाता का विवेक ही लोकतंत्र की सबसे बड़ी शक्ति है। अगर जनता भावनाओं या लालच में निर्णय लेगी, तो राजनीति और शासन दोनों भ्रष्ट हो जाएंगे। बिहार की राजनीति एक बार फिर चुनावी रंग में रंग चुकी है। हर चुनावी सभा में, गली-मोहल्ले से लेकर सोशल मीडिया तक मुफ्त रेवडियों की घोषणाओं और वादों की बाढ़ आई हुई है। यह चुनावी मौसम पहले की तरह इस बार भी ह्यरेवड़ी संस्कृतिह्ल से सराबोर दिखाई देता है। महागठबंधन हो या एनडीए-दोनों गठबंधन एक-दूसरे से आगे निकलने की होड़ में ऐसे-ऐसे वादे कर रहे हैं जो सुनने में आकर्षक लगते हैं, पर उनकी व्यवहारिकता और आर्थिक सम्भावना पर गंभीर प्रश्न उठते हैं। ये चुनावी वादें कैसे पूरे होंगे या जनता के साथ विश्वासघात होगा? हर दल मतदाताओं को लुभाने के लिए घोषणाओं की झड़ी लगा रहा है, लेकिन शायद ही किसी ने यह सोचा हो कि इन लोकलुभावन योजनाओं के लिए फंड कहां से आएगा, कैसे उनकी पूर्ति होगी और क्या यह राज्य की कमजोर आर्थिक स्थिति पर और बोझ नहीं बनेगा। बिहार का यह चुनाव इसलिए खास नहीं है क्योंकि इससे दो दशकों से राज्य का चेहरा रहे मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का भविष्य तय होना है-यह खास इसलिये है क्योंकि दोनों गठबंधनों की तरफ से एक जैसी राजनीति चल रही है-लोकलुभावन घोषणाओं की। महागठबंधन ने दो दिन पहले ह्यतेजस्वी -संकल्पह्ल घोषित किया। कांग्रेस, आरजेडी और दूसरे सहयोगी दलों ने बीते दिनों में जो चुनावी वादे किए हैं, उन्हें ही इसमें शामिल किया गया है। दूसरी ओर एनडीए के वादों की लिस्ट भी बेहद लंबी है। शुरूआत में नीतीश सरकार की तरफ से मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना के तहत 10 हजार रुपये, 125 यूनिट फ्री बिजली, एक करोड़ नौकरियों का वादा, महिलाओं को नौकरी में आरक्षण, बढ़ी पेंशन- नीतीश ने चुनावी अभियान इस तरह शुरू किया। महागठबंधन ने जवाब में 200 यूनिट फ्री बिजली, हर परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी, महिलाओं को हर महीने ढाई हजार, और भी बहुत कुछ देने का वादा किया है। दोनों की गठबंधन की आसमानी घोषणाएं लुभा रही है, जनता को गुमराह कर रही है, सीधे-सीधे रूप में यह वोटों को खरीदने की साजिश है। नीति आयोग के आंकड़े बताते हैं कि देश की जनसंख्या में बिहार का हिस्सा 9 प्रतिशत से ज्यादा है, पर जीडीपी में योगदान 2021-22 में घटकर 2.8 प्रतिशत रह गया। बिहार की प्रति व्यक्ति आय देश की औसत प्रति व्यक्ति आय का केवल 30 प्रतिशत है, जबकि बेरोजगारी ज्यादा है। 2022-23 में राज्य की जीडीपी की तुलना में ऋण का अनुपात 39.6 प्रतिशत था। बिहार के सामने सबसे बड़ी समस्या है आय के साधन जुटाने की। कुल कमाई में उसका अपना टैक्स रेवेन्यू केवल 23 प्रतिशत है और केंद्र की तरफ से अनुदान का हिस्सा 21 प्रतिशत। जन सुराज का दावा है कि मुफ्त की योजनाओं को पूरा करने के लिए 33 हजार करोड़ चाहिए होंगे। इस आंकड़े को सच मान लें तो राज्य के कुल बजट में से रोजमर्रा के कामकाज व योजनाओं का खर्च निकालने के बाद करीब 40 हजार करोड़ रुपये बचते हैं। क्या मुफ्त रेवड़ियों की घोषणाओं के वादा इससे पूरे होंगे? एनडीए और महागठबंधन, दोनों ही एक-दूसरे की घोषणाओं पर सवाल उठा रहे हैं। हालांकि हकीकत में दोनों को बताना चाहिए कि वे किस तरह इन वादों को पूरा करेंगे। बेरोजगारों को भत्ता, महिलाओं को नकद सहायता, युवाओं को लैपटॉप, किसानों के लिए ऋणमाफी-इन घोषणाओं की बाढ़ ने लोकतंत्र को मजबूती देने के बजाय उसे लोकलुभावन जाल में फंसा दिया है। यह स्थिति केवल बिहार की नहीं, पूरे देश की राजनीति में एक नई प्रवृत्ति के रूप में उभर रही है, जहां सत्ता की कुर्सी तक पहुंचने का रास्ता जनता की विवेकशीलता से नहीं, बल्कि प्रलोभनों की मिठास से तय किया जा रहा है। यह प्रवृत्ति लोकतंत्र के लिए शुभ नहीं, क्योंकि यह मतदाता को उपभोक्ता में बदल देती है और राजनीति को नीति से भटकाकर लाभ की गणित में फंसा देती है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा कही गई ह्यरेवड़ी संस्कृतिह्ल की अवधारणा आज बिहार की राजनीति में पूर्णरूपेण साकार होती दिख रही है। मुफ्त बिजली, राशन, यात्रा या सहायता योजनाएं अब चुनावी घोषणाओं की अनिवार्य शर्त बन गई हैं। जनकल्याण का उद्देश्य पीछे छूट गया है, सामने है तो केवल वोटों की गिनती। इन घोषणाओं के माध्यम से मतदाता को प्रभावित करना एक तरह का सॉफ्ट करप्शन है, जहां खरीदी खुलकर नहीं होती, पर मानसिक रूप से मतदाता को बंधक बना लिया जाता है। यह प्रवृत्ति लोकतंत्र की आत्मा पर आघात है, क्योंकि यह नीतियों और सिद्धांतों को कमजोर करती है और राजनीति को केवल सत्ता प्राप्ति का खेल बना देती है। लोकतंत्र तभी सशक्त होगा जब चुनाव नैतिक और नीति-सम्मत हों। चुनाव का अर्थ केवल जीत और हार नहीं, बल्कि समाज के चरित्र और दिशा का निर्धारण है। नैतिक राजनीति वही है जिसमें जनहित को सर्वोपरि माना जाए, न कि तत्कालिक लाभ को। यदि राजनीतिक दल अपने घोषणापत्र में केवल आकर्षक वादे ही भरते जाएं और उनके पीछे कोई आर्थिक या सामाजिक दृष्टि न हो, तो यह लोकतंत्र की आत्मा के साथ खिलवाड़ है। मतदाता को चाहिए कि वह ऐसी घोषणाओं से प्रभावित न हो, बल्कि यह देखे कि कौन-सी पार्टी या नेता दीर्घकालिक सुधार, रोजगार सृजन, शिक्षा, स्वास्थ्य और सुशासन की बात कर रहा है। लोकतंत्र उपहार नहीं, उत्तरदायित्व है, इसे समझना और निभाना नागरिक का धर्म है। वोट किसी के द्वारा दी जा रही मुफ्त सुविधाओं के लिए नहीं, बल्कि भविष्य की स्थिरता, सुशासन और सच्चे विकास के लिए दिया जाना चाहिए। मतदाता का विवेक ही लोकतंत्र की सबसे बड़ी शक्ति है। अगर जनता भावनाओं या लालच में निर्णय लेगी, तो राजनीति और शासन दोनों भ्रष्ट हो जाएंगे। इसी तरह दलों को भी आत्मसंयम रखना चाहिए और यह समझना चाहिए कि सत्ता की प्राप्ति साधन नहीं, सेवा का अवसर है। आज सबसे बड़ी जरूरत है कि चुनावी घोषणाओं पर एक नियंत्रण तंत्र बने, चुनाव आयोग और नीति आयोग मिलकर इस पर नियम तय करें कि कोई भी दल अपने घोषणापत्र में ऐसे वादे न करे जिनका कोई आर्थिक आधार न हो। मीडिया को भी केवल वादों को प्रचारित करने में नहीं, बल्कि उनकी समीक्षा करने में अग्रणी भूमिका निभानी चाहिए। जनता के बीच मतदाता शिक्षण अभियान चलाए जाने चाहिए ताकि लोग यह समझ सकें कि वोट किसी प्रलोभन का प्रत्युत्तर नहीं, बल्कि एक जिम्मेदारी है।

वैसे तो दोनों ही गठबंधन एक-दूसरे की घोषणाओं पर सवाल खड़े कर रहे हैं। भाजपा-जद(यू) गठबंधन तेजस्वी की छवि को एक गैर जिम्मेदार सपने बेचने वाले नेता के रूप में गढ़ने का प्रयास कर रहे हैं। जाहिर है कि जब तक वादों को ठोस नीति में नहीं बदला जाएगा, वे केवल भाषणों की सजावट बने रहेंगे। महागठबंधन को चाहिए कि वह अपने घोषणापत्र को भावनात्मक अपील की बजाय आर्थिक व्यवहार्यता के साथ तैयार करे।

> यही रणनीति जनता में भरोसा जगाएगी और विपक्ष के हमलों को कमजोर करेगी। तेजस्वी यादव का करिश्मा, संवाद शैली और युवाओं से जुड़ाव उन्हें बिहार की राजनीति में एक बड़ा चेहरा बनाते हैं लेकिन उनकी पूरी चुनावी रणनीति धुआंधार वादों के इर्द-गिर्द घूम रही है। राजनीति में कोई भी वादा तब ताकत बनता है जब उसमें विश्वसनीयता, यथार्थता और क्रियान्वयन की संभावना हो। लोकतंत्र की पवित्रता तभी बचेगी जब राजनीति नीति से संचालित होगी, जब सत्ता सेवा का माध्यम बनेगी और जब मतदाता अपने विवेक से निर्णय लेगा। बिहार जैसे प्रबुद्ध राज्य को चाहिए कि वह रेवड़ी संस्कृति से ऊपर उठकर विकास, रोजगार, शिक्षा, नैतिकता और सुशासन पर आधारित राजनीति का चयन करे। तभी लोकतंत्र अपने वास्तविक अर्थ में जीवित रहेगा और आने वाली पीढ़ियां गर्व से कह सकेंगी-हमने वोट से अपना भविष्य खरीदा नहीं, बनाया है।"

# नोएडा के इस बाजार में लूट लो सर्दी के शानदार कपड़े! कम बजट में पाएं लेटेस्ट विंटर कलेक्शन

नोएडा का ब्रह्मपुत्र मार्केट (बीपी मार्केट) सर्दी के कपड़ों की शानदार खरीदारी के लिए एक बेहतरीन जगह है। यहां आपको कम बजट में महिलाओं, पुरुषों और बच्चों के लिए जैकेट, स्वेटर, शॉल सहित लेटेस्ट और ट्रेंडी विंटर कलेक्शन मिलेगा। यह बाजार ऊनी कपड़ों की सस्ती और अच्छी वैरायटी के लिए खास तौर पर जाना जाता है। गुलाबीं ठंड का मौसम तो आ गया है। कुछ ही दिनों सर्दियां भी दस्तक देने वाली है। हल्की ठंड आने के बाद से ज्यादातर महिलाओं का मन नए वूलन कपड़ों की शॉपिंग करने का करता है। अगर आप भी विंटर वियर देख रही हैं, तो यह लेख आपके लिए है। इस लेख में हम आपको बताएंगे कि नोएडा के एक ऐसे सस्ते बाजार के बारे में बताएंगे, जहां पर आप कम कीमत में ट्रेंडी विंटर कलेक्शन खरीद सकते हैं। सर्दी के मौसम में महिलाएं अपने लिए खास तरह के वुलेन आउटफिट की शॉपिंग के लिए जरुर जाती है। अगर आप नोएडा में रहने वाले या फिर नोएडा के पास रहते हैं, तो आप इस फेमस ब्रह्मपुत्र मार्केट एक्सप्लोर कर सकते हैं। वूलन वियर के लिए यह बाजार काफी प्रसिद्ध है। इस बाजार को ₹बीपी मार्केट₹ भी कहा जाता है।

**एक से एक विंटप वियर कलेक्शनः** इस मार्केट में आपको फैशनेबल जैकेट, स्वेटर, कोट, शॉल, मफलर और कैप की एक विशाल रेंज देखने को मिल जाएगी। इतना ही नहीं, इस मार्केट में आपको पारंपरिक हिमाचली गर्म कपड़े भी किफायती दामों पर मिल सकते हैं। इस बाजार में आपको कपड़ों की सस्ती और अच्छी वैरायटी वाले वूलन क्लॉथ मिल जाएंगे। नोएडा के इस बाजार में आप मोल-भाव करके कपड़ो को खरीद सकते हैं।

**बूलेन कपड़ों के अलाव खरीदें ये सामानः** इस बाजार में पुरुषों और बच्चों के भी ठंड के कपड़े मिलते हैं। इसके अलावा, इस मार्केट में किताबें, जूते, ज्वेलरी और घर के सजावटी सामानों की भी कई छोटी दुकानें मिल जाएगी। इसके साथ ही इस बाजार में स्ट्रीट फूड भी नोएडा के काफी फेमस है।

**कैसे पहुंचे ब्रह्मपुत्र मार्केटः** ब्रह्मपुत्र मार्केट पहुंचने के लिए आप दिल्ली, गुड़गांव या नोएडा के किसी भी निकटतम मेट्रो स्टेशन से बोटैनिकल गार्डन मेट्रो स्टेशन या गोल्फ कोर्स मेट्रो स्टेशन या नोएडा सेक्टर 18 मेट्रो स्टेशन तक आ सकती हैं। इसके बाद आप यहां से शेयरिंग ई-रिक्शा की मदद से मार्केट पहुंच जाएं।



# शादियों के सीजन में जलवा बिखेरने के लिए ट्राई करें मृणाल ठाकुर का ये शानदार गोल्डन साड़ी लुक


वेडिंग सीजन के लिए मृणाल ठाकुर का गोल्डन साड़ी लुक एक परफेक्ट इंस्पिरेशन है। हल्के गोल्डन सिल्क साड़ी को गहरे वायलेट ब्लाउज और एमराल्ड ग्रीन कुंदन ज्वेलरी के साथ पेयर करके उन्होंने ट्रेडिशनल और एलिगेंट स्टाइल का शानदार प्रदर्शन किया है। यह लुक आपकी फैशन चॉइस को मॉर्डन टच देगा और सबकी निगाहें आप पर रहेंगी। अगर आप किसी भी पार्टी या फिर शादी के सीजन में जलवा बिखेरना चाहती हैं, तो यह लेख आपके लिए है। कल यानी 2 नवंबर से शादियों का सरक शुरू हो रहा है। गोल्डन कलर की इस साड़ी में अदाकारा एकदम रॉयल और एलिगेंट लग रही है। मृणाल के इस पारंपरिक लुक को मॉर्डन टच के साथ आप भी ट्राई करें। वेडिंग सीजन के लिए यह साड़ी लुक किसी इंस्पिरेशन से कम नहीं है। ट्रेंडिंग दिखने के लिए आप भी इस एक्ट्रेस के इस ट्रेडिशनल लुक को अपनाएं।

**साड़ी का रंग और फैब्रिकः** एक्ट्रेस ने हल्के गोल्डन शेड की हैंडक्राफ्टेड सिल्क साड़ी पहनी है। इस साड़ी पर महीन जरी और सीक्वेन एंब्रॉयडरी की गई है। साड़ी का शाइनिंग टेक्सचर रोशनी में सबसे सुंदर लग रहा है।

**ब्लाउज डिटेल्सः** मृणाल ने गहरे वायलेट कलर की हैवी वर्क वाला ब्लाउज को पेयर किया है। बता दें कि, ब्लाउज की स्लीव्स और नेकलाइन पर मिरर वर्क और थ्रेड एंब्रॉयडरी का खूबसूरत वर्क है।

**ज्वेलरी स्टाइलिंगः** एक्ट्रेस ने अपना लुक कंप्लीट करने के लिए एमराल्ड ग्रीन कुंदन चोकर नेकलेस और मैचिंग ईयररिंग्स पहना हुआ है।

**मेकअप और हेयरस्टाइलः** गोल्डन साड़ी लुक में मृणाल ने मिनिमल मेकअप किया है, न्यूड लिप्स, ड्यूई बेस और शिमरी आईशैडो यूज किया है। अपने लुक को खूबसूरत बनाने के लिए एक्ट्रेस ने स्ट्रेट ओपन हेयर किए, जिसमें उनका लुक काफी एलिगेंस लग रहा है।





# तहसील मिलक में संपूर्ण समाधान दिवस आयोजित जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने फरियादियों की सुनीं समस्याएँ

**वेलकम इंडिया गुलजार आलम**



**रामपुर।** जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी एवं पुलिस अधीक्षक विद्या सागर मिश्र की उपस्थिति में तहसील मिलक में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया।

सम्पूर्ण समाधान दिवस में 36 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए जिसमें से 06 शिकायतों का निस्तारण मौके पर किया गया। जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने फरियादियों की शिकायतों को गंभीरतापूर्वक सुना और मौके पर उपस्थित अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्राप्त शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान ग्राम मौनपुर एवं ग्राम धमोरा से संबंधित चकरोड पर दबंगों द्वारा अवैध कब्जे की शिकायत प्राप्त हुई। जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने इस प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए राजस्व एवं पुलिस की संयुक्त टीम गठित करने के निर्देश दिए तथा मौके पर जाकर अवैध कब्जे को तत्काल हटाने की कार्रवाई करने के आदेश दिए। उन्होंने कहा कि चकरोड, ग्राम समाज एवं सार्वजनिक भूमि पर किसी भी प्रकार का अवैध कब्जा बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और ऐसे मामलों में कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। इस दौरान धान उठान, विद्युत, श्रम, खंड विकास, राजस्व, पुलिस, नगर निकाय एवं जल निगम आदि विभागों से संबंधित शिकायतें प्राप्त हुई, जिन्हें जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को सौंपते हुए निर्देशित किया कि प्रत्येक शिकायत का निस्तारण गुणवत्ता एवं समयबद्धता के साथ किया जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि संपूर्ण समाधान दिवस जनसमस्याओं के त्वरित निस्तारण का एक प्रभावी माध्यम है। उन्होंने निर्देशित किया कि प्रत्येक विभागीय अधिकारी इसी भावना के अनुरूप कार्य करें तथा निस्तारण उपरांत शिकायतकर्ताओं से संतुष्टि अवश्य प्राप्त करें। इसी प्रकार तहसील स्वार में मुख्य विकास अधिकारी गुलाब चन्द्र की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया, जिसमें 16 शिकायतें प्राप्त हुई और 04 शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया। तहसील सदर में अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) संदीप कुमार वर्मा की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया, जिसमें कुल 21 शिकायतें प्राप्त हुई और 05 शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया। तहसील बिलासपुर में अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) डा0 नितिन मदान की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया, जिसमें 12 शिकायतें प्राप्त हुई।

# जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने किया धान क्रय केंद्रों का औचक निरीक्षण

**वेलकम इंडिया गुलजार आलम**



**रामपुर।** जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी एवं पुलिस अधीक्षक विद्या सागर मिश्र ने किसान मंडी मिलक में संचालित धान क्रय केंद्रों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने क्रय केंद्र प्रभारी से मंडी में किसानों द्वारा की जा रही धान खरीद के संबंध में जानकारी प्राप्त की। उन्होंने ए.आर. कोऑपरेटिव और मंडी सचिव से अब तक किसानों से हुई धान खरीद एवं किसानों को किए गए भुगतान की स्थिति के संबंध में भी जानकारी ली। मंडी सचिव ने जिलाधिकारी को अवगत कराया कि मंडी परिसर में सहकारिता विभाग के 12, खाद्य विभाग के 04 व मंडी समिति के 01 क्रय केंद्र सहित कुल 17 धान क्रय केंद्र संचालित हैं जबकि पूरे मिलक क्षेत्र में कुल 24 क्रय केंद्र स्थापित किए गए हैं तथा अब तक 14 हजार क्विंटल धान की खरीद की जा चुकी है। जिलाधिकारी ने मंडी परिसर में लगाए गए बैनर पर अंकित हेल्पलाइन नंबर की स्थिति की जांच करने के लिए मौके पर ही केंद्र प्रभारी के नम्बर पर कॉल लगायी, जो चालू स्थित में पाया गया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने धान खरीद से संबंधित मापक यंत्रों एवं अन्य उपकरणों का अवलोकन किया। उन्होंने मौके पर धान की तौल करा रहे ग्राम सिहारी निवासी किसान देव नारायण से धान खरीद के मूल्य संबंधी जानकारी ली और तौल के दौरान आ रही समस्याओं के बारे में सुना। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि मंडी से धान उठान की प्रक्रिया शीघ्र प्रारंभ कराई जाए, ताकि किसानों को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

# लेखपालों की विभिन्न मांगो को लेकर उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ द्वार मुख्यमंत्री के नाम एसडीएम को सौंपा ज्ञापन




**वेलकम इंडिया**

**शिकारपुर।** शनिवार को तहसील के समाधान दिवस के अवसर पर उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ के शिकारपुर तहसील अध्यक्ष हरीश कुमार के नेतृत्व में लेखपालों की विभिन्न मांगो को लेकर तहसील के समस्त लेखपालों ने मिलकर मुख्यमंत्री के नाम एसडीएम अरुण कुमार वर्मा को ज्ञापन देते हुए अवगत कराया है कि लेखपाल पद की शैक्षणिक योग्यता एवं पदनाम परिवर्तन करने, प्रारंभिक वर्तमान उच्चीकरण, ए.सी.पी. विसंगति, मृतक आश्रित लेखपालों की पुरानी पेंशन विसंगति, राजस्व निरीक्षक एवं नायब तहसीलदार के अतिरिक्त सृजन स्टेशनरी भत्ता 100 रूपए से बढ़ाकर 1000 रूपए करने, नियत यात्रा भत्ता के स्थान पर वाहन भत्ता/मोटर साइकिल भत्ता सहित विभिन्न मांगों को लेकर ज्ञापन दिया गया है। उधर एसडीएम ने लेखपालों द्वारा मिले प्रार्थना पत्र को जल्द मुख्यमंत्री कार्यालय भेजने का आश्वासन दिया है।

# गुलाब सिंह हिंदू महाविद्यालय में वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती मनाई

**वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा**




**चांदपुर :** स्थानीय गुलाब सिंह हिन्दू स्नातकोत्तर महाविद्यालय, चांदपुर-स्याऊ में राष्ट्रीय कैडेट कोर एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वाधान में 'एक भारत आत्मनिर्भर भारत' के तहत सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वी जयंती मनाई गई। सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती को हम राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाते हैं। सर्वप्रथम सरदार वल्लभभाई पटेल और सरस्वती माता के पोस्टर चित्र पर पुष्प अर्पित करके उनको श्रद्धांजलि दी गई। तथा इसके पश्चात शासन के आदेशानुसार एक रैली का आयोजन किया गया। कॉलेज की प्राचार्या प्रोफेसर साधना ने हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया। ?रैली गुलाब सिंह हिंदू पीजी कॉलेज से चौधरी चरण सिंह चौक होते हुए रोडवेज पहुंची और फिर वहां से रैली की वापसी हुई। रैली में छात्र-छात्राओं में सरदार वल्लभभाई पटेल जी का जय घोष किया और अनेकता में एकता, भारत की विशेषता तथा भारत माता की जय के नारे लगाए। रैली में अधिकाशं स्टाफ ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराकर सहयोग किया। रैली में प्रोफेसर अशोक कुमार, प्रोफेसर महिपाल सिंह, डॉ विनोद कुमार, डॉ साजिद अंसारी, डॉ कुलदीप, डॉ संतोष देवी, डॉ मीनाक्षी राजपूत आदि उपस्थित रहे।

# श्री श्याम सेवा समिति द्वारा नगर में निशान यात्रा का आयोजन



**वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा**

**नूरपुर :** श्री खाटू श्याम जी के जन्म उत्सव पर श्री श्याम सेवा समिति द्वारा नगर में निशान यात्रा का आयोजन किया गया। निशान यात्रा प्राचीन शिव मंदिर से शुरू होकर चौधरीयान मोहल्ले से बाल्मीकि बस्ती से शिव मंदिर चौक से राधा कृष्ण विवाह मंडप पर संपन्न हुई। निशान यात्रा में सुशील कर्णवाल, अनिल जुनेजा, वंदना शर्मा, मयंक कर्णवाल, अनुभव कर्णवाल, दीपक सक्सेना, रचित चौधरी आशीष संजीव कुमार यश अरोड़ा, नितिन दिवाकर, अक्षित शर्मा हनी शर्मा, सर्वेश त्यागी, गुड्डी जोशी, नेहा शर्मा, उमेश शर्मा लक्ष्मी देवी इशिका वर्मा, सोनिया, पायल, सोनी वर्मा सहित निशान यात्रा में श्री श्याम सेवा समिति के सभी सदस्य उपस्थित रहे।

# कोतवाली पुलिस ने 14 बोतल अवैध अंग्रेजी शराब के साथ एक आरोपी को किया गिरफ्तार

**वेलकम इंडिया**



**बागेश्वर,** गोविन्द मेहता, नशा मुक्त उत्तराखंड 2025 विजन के दृष्टिगत पुलिस अधीक्षकचन्द्र शेखर घोड़के के निर्देश और, क्षेत्राधिकारी बागेश्वर अजय लाल साह के निर्देशन में कोतवाली पुलिस द्वारा अवैध शराब/मादक पदार्थों की तस्करी व बिक्री पर प्रभावी अंकुश लगाये जाने हेतु अवैध तश्करी करने वालों के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। कोतवाल अनिल उपाध्याय के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा थाना क्षेत्रान्तर्गत शान्ति/सुरक्षा व्यवस्था व चैकिंग ड्यूटी के दौरान वेलकम बार के पास एक अभियुक्त सचिन कुमार पुत्र बलवन्त कुमार आर्या निवासी मल्ला बिलौना बागेश्वर को 14 बोतल अवैध अंग्रेजी शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के विरुद्ध कोतवाली पुलिस द्वारा धारा 60 आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया गया।कोतवाल उपाध्याय ने सभी लोगों से कोतवाली क्षेत्र में नशा तश्करी करने वालों, युवाओं को चरस स्मैक और नशीले पदार्थों की तश्करी करने वालों की शिकायत पुलिस को देने की अपील की।

# प्रभारी निरीक्षक महिला थाना एवं प्रभारी महिला सुरक्षा दल जनपद स्तरीय द्वारा संयुक्त रुप से तीनो नये आपराधिक कानून के संबंध में किया जागरुक




**वेलकम इंडिया गुलजार आलम**

**रामपुर।** प्रभारी निरीक्षक महिला थाना एवं प्रभारी महिला सुरक्षा दल जनपद स्तरीय द्वारा संयुक्त रुप थाना सिविल लाइन क्षेत्रान्तर्गत केन्द्रिय विद्यालय, रामपुर में छात्र-छात्राओं व शिक्षकों को भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता एवं भारतीय साक्ष्य अधिनियम (तीनों नए कानूनों) के संबंध में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान प्रभारी निरीक्षक महिल थाना द्वारा इन नए कानूनों के प्रमुख प्रावधानों, सुधारों तथा इनके व्यवहारिक उपयोग की जानकारी दी गई। उनके द्वारा बताया गया कि ये तीनों कानून भारतीय न्याय व्यवस्था में आमूलचूल परिवर्तन लाने वाले हैं, जिनका उद्देश्य न्याय प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी, त्वरित एवं पीड़ित केंद्रित बनाना है। इस अवसर पर सभी को नए कानूनों की बारीकियों को समझने, अपने कर्तव्यों के निर्वहन में इनका पालन करने तथा आम नागरिकों को भी इनके प्रति जागरूक करने हेतु प्रेरित किया।

# कृषि विज्ञान केंद्र नगीना पर मिलेटस श्रीअन्न रेसिपी विकास एवं उपभोक्ता जागरूकता कार्यक्रम

**वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा**



**बिजनौर :** कृषि विज्ञान केंद्र नगीना पर मिलेटस श्रीअन्न रेसिपी विकास एवं उपभोक्ता जागरूकता कार्यक्रम और जनपद स्तरीय तिलहन गोष्ठी व मेले का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अशोक कटारिया एमएलसी व पूर्व राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार उत्तर प्रदेश रहे। अशोक कटारिया द्वारा श्रीअन्न मोटे अनाज के प्रयोग पर बल देते हुए कहा कि स्वस्थ रहने के लिए मोटे अनाज को अपने भोजन में शामिल करने की अपील की। उन्होंने ने कृषकों को संबोधित करते हुए कहा कि कृषि विभाग के सम्पर्क में रह कर विभागीय योजनाओं का लाभ उठाने का अनुरोध किया तथा योजनाओं की जानकारी अन्य कृषकों देने का अनुरोध किया। कार्यक्रम में कृषकों को कृषि विज्ञान केन्द्र नगीना के कृषि वैज्ञानिक डा के के सिंह, डा शिवांगी, डा राजेन्द्र सिंह मलिक डा प्रतिभा गुप्ता, डा पिन्टू सिंह ने मृदा स्वास्थ्य, फसल सुरक्षा, फल संरक्षण व बायोफोरिटिफाइड प्रजातियों की जानकारी दी।विकासखंड कोतवाली के ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि श्री पंकज कुमार कुमार व श्री भूपेंद्र सिंह जी विशिष्ट अतिथि रहे। जिला कृषि अधिकारी जसवीर तेवतिया ने बीज व उर्वरक आपूर्ति के बारे में बताया। उप कृषि निदेशक डा घनश्याम वर्मा द्वारा विभागीय योजनाओं की जानकारी दी गई। इस अवसर पर दस कृषकों को सरसों के मिनिकिट दिये गये व दस प्रगतिशील कृषकों को सम्मानित किया गया। डॉ नरेन्द्र सिंह द्वारा प्राकृतिक चिकित्सा, योग व भोजन के बारे में बताया।

किसान मेले में लगभग 500 कृषकों द्वारा प्रतिभाग किया गया मंच का संचालन योगेंद्र पाल सिंह योगी द्वारा किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में रामप्रसाद, अरविन्द कुमार, रोहतास सिंह, मनोहर सिंह आदि का सहयोग रहा।

# स्वतंत्रता सेनानी उत्तराधिकारी संगठन ने जिलाधिकारी को सौपा ज्ञापन



**वेलकम इंडिया**

**बागेश्वर,** स्वतन्त्रता सेनानी उत्तराधिकारी संगठन के प्रांतीय अध्यक्ष ललित पंत के नेतृत्व में सँगठन से जुड़े लोगों ने अपनी मांगों को लेकर जिलाधिकारी आकांक्षा कोंडे से शिस्टाचार भैंट वार्ता कर ज्ञापन सौंपा। सँगठन ने अपनी समस्याओं के निराकरण करने औ? जल्द मांगो को पूरी करने की मांग की।वही डीएम आकांक्षा कोंडे ने कहा कि देश को आजादी दिलाने में महान स्वतंत्रता सेनानियों के त्याग को कभी भूलाया नहीं जा सकता है। कहा कि समय समय मे अधिकारियों के साथ सँगठन कि विभिन्न समस्याओं को दूर करने हेतु समीक्षा बैठक की जाती है। जिलाधिकारी ने प्राथमिकता के आधार पर प्रत्येक समस्या के समाधान का आश्वासन दिया।साथ ही जिला प्रशासन द्वारा होने वाले समाधान को तुरंत करने और शासन स्तर के प्रकरणों को समाधान हेतु पत्राचार कर जल्द समाधान करने का आश्वासन दिया।सँगठन ने जल्द स्वतंत्रता सेनानी परिवारों के उत्तराधिकारियों का सम्मेलन करने की बात कहते हुए जिलाधिकारी को सम्मलेन में प्रतिभाग करने की अपील की।जिलाध्यक्ष ने बताया कि अधिवेशन में प्रांतीय व राष्ट्रीय स्तर कार्यकारिणी के लोग भी शामिल होंगे।जिलाधिकारी ने बताया कि स्वंतत्रता सेनानी परिवारों की समस्याओं को दूर करने के लिए हरसंभव प्रयास किए जा रहे हैं।

# वृंदावन धाम में गूंजा शिव नाम- फोगला आश्रम में रुद्राभिषेक महायज्ञ का शुभारंभ, बॉलीवुड अभिनेता राजपाल यादव ने की शिव आराधना

**वेलकम इंडिया**

**वृंदावन।** कार्तिक मास के पावन अवसर पर शुक्रवार को वृंदावन धाम भक्ति, अध्यात्म और शिव आराधना से गूंज उठा। फोगला आश्रम परिसर में पार्थिव शिवलिंग निर्माण एवं रुद्राभिषेक महायज्ञ का शुभारंभ श्रद्धा, उत्साह और आध्यात्मिक माहौल में हुआ। पूज्य बड़े भैया डॉ. अनिल शास्त्री जी के सानिध्य तथा परम पूज्य गुरुदेव पं. देव प्रभाकर शास्त्री दद्दा जी और पूज्य गुरु माता जिज्जी की कृपा से आरंभ हुए इस तीन दिवसीय महायज्ञ में देशभर से श्रद्धालु बड़ी संख्या में पहुंचे। महायज्ञ के प्रथम दिवस पर सैकड़ों श्रद्धालुओं ने पार्थिव शिवलिंग बनाकर रुद्राभिषेक में भाग लिया। हर-हर महादेव और बम-बम भोले के जयघोष से पूरा फोगला आश्रम शिवमय हो उठा। इस पावन अवसर पर बॉलीवुड के प्रसिद्ध अभिनेता और कॉमेडी के बादशाह राजपाल यादव ने भी विशेष रूप से भाग लिया। उन्होंने स्वयं पार्थिव शिवलिंग निर्माण और रुद्राभिषेक अनुष्ठान में सम्मिलित होकर गंगाजल से अभिषेक किया। भावपूर्ण आराधना के पश्चात राजपाल यादव ने कहा – वृंदावन की इस पवित्र भूमि पर आकर आत्मा को अद्भुत शांति और ऊर्जा का अनुभव होता है। यहां की भक्ति का वातावरण हर मनुष्य को शिवमय कर देता है। रुद्राभिषेक के उपरांत श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया और विशाल भंडारे में सहभागिता की। डॉ. अनिल शास्त्री जी ने कहा कि – शिव साधना से जीवन में सकारात्मक ऊर्जा और दिव्यता का संचार होता है। यह आत्मशुद्धि और ईश्वरीय चेतना से जुड़ने का सर्वोत्तम मार्ग है। उन्होंने बताया कि यह पार्थिव शिवलिंग निर्माण व रुद्राभिषेक महायज्ञ तीन दिनों तक निरंतर चलेगा, जिसमें देशभर से श्रद्धालु और दद्दा जी शिष्य मंडल के सदस्य शामिल होंगे। कार्तिक मास की पवित्र बेला में फोगला आश्रम एक बार फिर आस्था, अध्यात्म और शिव भक्ति का केंद्र बन गया है।



# डीएम एसएसपी ने सम्पूर्ण समाधान दिवस पर मांट तहसील में सुनी समस्याएं

वेलकम इंडिया



**मथुरा।** जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्लोक कुमार ने संपूर्ण समाधान दिवस/तहसील दिवस में अवसर पर तहसील मांट में आम-जनमानस की समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुना। जिलाधिकारी ने प्राप्त प्रार्थना-पत्रों के नियमानुसार त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया। जिलाधिकारी ने समस्त विभागीय अधिकारीयों को तहसील दिवस में आने वाले आम-जनमानस/शिकायतकताओं को विभागीय योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी प्रदान करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि शासन द्वारा संचालित योजनाएं पात्र लाभार्थियों तक पहुंचे, यह हमारी प्राथमिकता है।

जिलाधिकारी ने समाधान दिवस में प्राप्त होने वाली शिकायतों का मौके पर जाकर मुआयना करने तथा क्षेत्रीय जनसमस्याओं को गंभीरता से लेकर उनका गुणवत्तापूर्ण ढंग से निस्तारण करके पीड़ित लोगों को राहत पहुँचाने हेतु अधिकारियों को कडे.निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि जनता की समस्या का समाधान करना हम सबके लिए सर्वोपरि है। कोई भी फरियादी तहसील दिवस/किसी भी कार्यालय से निराश होकर नहीं जाना चाहिए। पारदर्शिता के आधार पर संबंधित को नियमानुसार न्याय दिया जाए।

उप जिलाधिकारी मांट रितु सिरोही ने अवगत कराया है कि तहसील मांट में 70 शिकायतें प्राप्त हुई, जिसमें से 8 शिकायतों का त्वरित निस्तारण सुनिश्चित किया गया। अन्य शिकायतों को जिलाधिकारी द्वारा सम्बन्धित अधिकारियों को अग्रसारित करते हुए ससमय निराकरण के निर्देश दिए गए। तहसील मांट में मुख्य चिकित्सा अधिकारी राधावल्लभ, उप जिलाधिकारी मांट रितु सिरोही, क्षेत्राधिकारी मांट आशीष शर्मा सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

उप जिलाधिकारी गोवर्धन प्राजक्ता त्रिपाठी ने अवगत कराया है कि तहसील गोवर्धन में 40 शिकायतें प्राप्त हुई, जिसमें से 05 शिकायतों का त्वरित निस्तारण किया गया है। उप जिलाधिकारी छाता वैभव गुप्ता ने अवगत कराया है कि तहसील छाता में 62 शिकायतें प्राप्त हुई, जिसमें से 03 शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया। उप जिलाधिकारी सदर/ ज्वाइंट मजिस्ट्रेट अभिनव जे जैन ने अवगत कराया है कि तहसील सदर में 51 शिकायतें प्राप्त हुई, जिसमें से 03 शिकायतों का त्वरित निस्तारण किया गया है।

## मारपीट के मामले में एक महीने बाद सात के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**मिजार्मुराद कछवारोड़।** क्षेत्र के अमिनी गांव (मिजार्मुराद) निवासी नंदलाल राजभर के तहरीर पर शुक्रवार की देर रात मिजार्मुराद पुलिस ने रमेश कुमार, सूरज, सतीश, अजीत, शिवम, मुकेश व राजेश के खिलाफ बलवा, मारपीट, छेड़खानी, जान से मारने की धमकी देना व तोड़फोड़ का मुकदमा दर्ज कर जांच-पड़ताल में जुट गई। पीड़ित ने बताया कि जमीनी विवाद को लेकर विपक्षीगण बीते 1 अक्टूबर को दोपहर में मेरे दरवाजे पर आकर मेरे माता-पिता व बहू को भद्दी-भद्दी गाली-गलौज देने लगें जब सभी गाली देने से मना किये तो मारने-पीटने लगे और मोबाइल से वीडियो बनाने पर मेरे पुत्र को भी मारपीट कर मोबाइल तोड़ दिये और मेरे बहू का ब्लाउज फाड़ दिये। मिजार्मुराद पुलिस मुकदमा दर्ज कर घायलों को शनिवार को मेडिकल हेतु भेज दी।

# जन्मोत्सव : श्री खाटू श्याम की बिस्कोहर नगर में निकाली गई निशान शोभायात्रा



वेलकम इण्डिया असदुल्लाह सिद्दीकी

**बिस्कोहर/सिद्धार्थनगर।** नगर पंचायत बिस्कोहर के प्राइवेट बस अड्डे के पास से श्री खाटू श्याम सेवा समिति की ओर से शनिवार को भव्य निशान शोभायात्रा निकाली गई। यात्रा बस अड्डे के पास से शुरू होकर पुराना बैंक रोड , राम जानकी मोहल्ला, मुख्य कस्बा व परशुराम तिराहा होते हुए वापस बस अड्डे पर आकर समाप्त हुई।

प्रभु के चरणों में निशान अर्पण कर आरती उतारी गई और श्याम चालीसा का पाठ किया गया। उसके बाद भंडारे का आयोजन किया गया। जगह-जगह दुकानदारों ने पुष्पवर्षा कर निशान यात्रा का स्वागत किया किया। इस निशान यात्रा में चेयरमैन अजय गुप्ता, सुबास मोदनवाल, पंकज गुप्ता, बैजनाथ गुप्ता, फूल चंद्र मोदनवाल, राजा गुप्ता, मनीष जायसवाल, रोहित कसौधन, बच्चा राम पांडेय आदि श्याम भक्त शामिल रहे।

## सार संक्षेप

### उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक के असिस्टेंट मैनेजर का भव्य विदाई समारोह



**मिजार्मुराद कछवारोड़।** उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक के असिस्टेंट मैनेजर अविनाश त्रिपाठी का भव्य विदाई शुक्रवार को विदाई समारोह हुआ ।जिसमें में ग्राम प्रधान ठटरा सुनील कुमार बिंद, प्रधान प्रत्याशी पूरे त्रिलोकी पाल, ब्रांच मैनेजर शरद श्रीवास्तव, कैशियर शेख नगमा, राजेंद्र प्रसाद मौर्या, अवधेश मौर्य, सुरेश पांडे, गोलू पाल, शंकर बिन्द, राम रक्षा बिन्द इत्यादि ग्रामीण रहे ।ग्राम प्रधान सुनील बिन्द ने कहां की असिस्टेंट मैनेजर अविनाश त्रिपाठी बहुत ही मिलन सार व्यक्ति थे और धनी भी सपने बोली से हर एक कस्टमर का दिल जीत लेते थे जो भी बैंक में आता था जरूर उनसे मिलने के बाद संतुष्ट होकर ही जाता था उनके जाने की कमी हमें ही नही क्षेत्रवासियों को भी जरूर होगा ।इस दौरान मोमेंटो व अंग देकर उनका सम्मान किया गया।

### पुलिस ने साप्ताहिक बाजार के दौरान नये कानून के सम्बन्ध में लोगों को दी जानकारी



वेलकम इण्डिया असदुल्लाह सिद्दीकी

**कठेला/सिद्धार्थनगर।** पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर डॉ0 अभिषेक महाजन द्वारा नये आपराधिक कानून के प्रचार प्रसार अभियान के आदेश के क्रम में एवं अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर प्रशान्त कुमार प्रसाद के पर्यवेक्षण में व क्षेत्राधिकारी शोहरतगढ़ मयंक द्विवेदी एवं थानाध्यक्ष कठेला समयमाता अभय सिंह के कुशल नेतृत्व में कठेला समयमाता पुलिस द्वारा साप्ताहिक बाजार के दौरान नये कानून के सम्बन्ध में लोगों को जानकारी दी गई तथा जागरूक किया गया। वहीं कठेला समयमाता पुलिस ने अन्य स्थानों पर भी नये आपराधिक कानून के प्रचार प्रसार किया गया।

### जुगसना में भागवत कथा 5 नवंबर से

**मथुरा/बलदेव।** विकास खंड बलदेव के गांव जुगसना स्थित सत्संग भवन राधा कृष्ण मंदिर पर 5 नवंबर से श्रीमद् भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ का शुभारंभ होगा। 5 नवंबर को प्रातः 8 बजे कलश यात्रा का शुभारंभ होगा वहीं 12 बजे से श्रीमद् भागवत कथा होगी। भागवत कथा की पूणार्हुति एवं महाप्रसादी का आयोजन 12 नवंबर को किया जाएगा। व्यास पीठ से प्रवचन भागवत प्रवक्ता आचार्य हरीश कौशिक जी महाराज करेंगे।

### झांसी केंद्रीय विद्यालय 1 छावनी में मिनी स्पोर्ट्स कबड्डी एवं फुटबाल का आयोजन किया गया

**झांसी।** पी एम श्री केंद्रीय विद्यालय क्रमांक 1 झांसी छावनी में संकुल स्तरीय मिनी स्पोर्ट्स (कबड्डी एवं फुटबाल)का आयोजन किया गया ,जिसमें पी एम श्री केंद्रीय विद्यालय ललितपुर, तालबेहट, महोबा ,क्रमांक 1क्रमांक 2 एवं क्रमांक 3 झांसी के नन्हे मुन्ने बच्चों ने भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ आयोजन स्थल प्राचार्य श्री एन. बी अग्रवाल ने मां सरस्वती के दीप प्रज्वलन से किया। विद्यालय के नन्हे मुन्ने बच्चों स्वागत गीत एवं कई सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां दी। फुटबॉल (बालक वर्ग) मे पी एम श्री केंद्रीय विद्यालय क्रमांक 1 झाँसी छावनी के छात्र, कबड्डी (बालक वर्ग) मे केंद्रीय विद्यालय तालबेहट के छात्र विजेता रहे साथ ही कबड्डी ( बालिका वर्ग) मे पी एम श्री केंद्रीय विद्यालय क्रमांक 1 झाँसी छावनी की छात्रा विजेता रहीं ।समापन समारोह में प्राचार्य श्री एन.बी अग्रवाल में बच्चों को बताया कि पढ़ाई के अलावा खेल भी अत्यंत आवश्यक है। विजयी प्रतिभागियों को प्राचार्य महोदय द्वारा मेडल एवं प्रमाण पत्र वितरित किए।

# लारी की टक्कर से सिंचाई विभाग का कार्यालय हुआ क्षतिग्रस्त, हादसे में चौकीदार बाल-बाल बचा

वेलकम इण्डिया असदुल्लाह सिद्दीकी




**बांसी/सिद्धार्थनगर।** जनपद सिद्धार्थनगर के इंदिरा नगर (गंगुली) स्थित मुख्य हाईवे मार्ग पर सिंचाई विभाग का कार्यालय एक लारी की टक्कर से क्षतिग्रस्त हो गया। इस घटना में कार्यालय का एक हिस्सा टूट गया, लेकिन वहां कार्यरत चौकीदार रामदीन बाल-बाल बच गये। आपको बता दें कि उक्त घटना शनिवार 01 नवम्बर को दोपहर करीब 11 बजे हुई।

एचआर 39सी 6382 नम्बर की एक लारी, जो गेहूं आदि का बीज लेकर बन्धे की ओर मुड़ रही थी, नियन्त्रण खोकर सिंचाई विभाग के कार्यालय के एक हिस्से से जा टकराई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि कार्यालय में कार्यरत अमीन राम करन यादव की खड़ी मोपेड बाइक भी उसकी चपेट में आकर क्षतिग्रस्त हो गई। घटना के बाद चौकीदार रामदीन ने तुरन्त बाहर निकलकर अपनी जान बचाई। वहीं बन्धे के दोनों ओर सिंचाई विभाग की जमीनों पर अवैध रूप से कब्जा कर आवास और दुकानें बना ली गई हैं, जिससे रास्ता काफी संकरा हो गया है। इस संकरे रास्ते को भी घटना का एक कारण माना जा रहा है। घटना की सूचना अमीन द्वारा अपने उच्चाधिकारियों को फोन के माध्यम से दे दी गई है। समाचार लिखे जाने तक पुलिस को इस सम्बन्ध में कोई सूचना नहीं दी गई थी।

# गोवर्धन नगर पंचायत चेयरमैन प्रतिनिधि ने संभाली परिक्रमा मार्ग की यातायात व्यवस्था

वेलकम इंडिया



**मथुरा।** गोवर्धन में एकादशी से पूर्णिमा तक लगने वाले जाम के झाम से राहत देने के लिए नगर पंचायत गोवर्धन ने परिक्रमा मार्ग में बेरोकटोक घुस रहे ई-रिक्शा एवं चार पहिया वाहनों के संदर्भ में पूर्व में पुलिस अधीक्षक ग्रामीण द्वारा जारी आदेशों का अनुपालन कराया। दोपहर को नगर पंचायत प्रतिनिधि मनीष लम्बरदार ने जगह जगह बैरियर लगाकर ई-रिक्शाओं को परिक्रमा मार्ग में घुसने से रोक दिया। गोवर्धन में निरंतर लगने वाले जाम से परेशान स्थानीय लोगों ने भी सोशल मीडिया पर टिप्पणियां की।

कुछ दिन पूर्व कार्तिक पूर्णिमा की तैयारियों को लेकर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण सुरेश चंद्र रावत ने यातायात व्यवस्था को दुरूस्त बनाने के लिए रूट प्लान बनाकर पुलिस को आदेशित किया था मगर पुलिस द्वारा कोई कार्यवाही नहीं हुई और बाहरी चार पहिया वाहनों और ई-रिक्शाओं का आवागमन जारी रहा। यहां तक कि सुबह से ही थाने के सामने बाहरी वाहनों एवं ई-रिक्शा का आवागमन जारी रहा तथा कुछ लोगों ने तो थाने के बाहर ही अपनी गाड़िया पार्क कर दीं।

एकादशी से श्रद्धालुओं की भीड़ परिक्रमा को दौड़ पड़ी जिससे जगह जगह जाम लग गया। नगर पंचायत चैयरमैन प्रतिनिधि ने स्थिति का जायजा लिया और स्वयं यातायात व्यवस्था को दुरुस्त करने मैदान में उतर गए। चैयरमैन प्रतिनिधि मनीष लम्बरदार ने बताया कि गिरिराज परिक्रमा करने आए श्रद्धालुओं का विशेष ध्यान रखते हुए कार्तिक पूर्णिमा तक इसी व्यवस्था को सुचारू किया जाएगा जिससे किसी परिक्रमार्थी को कोई असुविधा न हो।

इस अवसर पर नगर पंचायत से नानक शर्मा, मोहनश्याम अग्रवाल, दारा सिंह, भरत सिंह, सभासद प्रतिनिधि चंद्रभान चौधरी, सीताराम ने जगह जगह कमान संभाली।

# सुनीता जायसवाल मेमोरियल हॉस्पिटल एवं ट्रामा सेन्टर के प्रबन्धक डा0 सुशान्त जायसवाल को डिप्टी सीएम बृजेश पाठक ने किया सम्मानित





वेलकम इण्डिया असदुल्लाह सिद्दीकी

**शोहरतगढ़/सिद्धार्थनगर।** गोरखपुर में आयोजित एक सम्मान समारोह में प्रदेश के उपमुख्यमंत्री एवं स्वास्थ्य मंत्री बृजेश पाठक ने डॉ0 सुनीता जायसवाल मेमोरियल हॉस्पिटल एवं ट्रामा सेन्टर के प्रबन्धक डा0 सुशान्त जायसवाल को चिकित्सा क्षेत्र में उनकी अनवरत सेवाओं एवं अतुलनीय समर्पण के लिए बेस्ट चिकित्सक के रूप में सम्मानित किया। समान पत्र प्राप्त करने के उपरान्त डॉक्टर सुशान्त जायसवाल ने कहा कि उनके लिए नर सेवा ही नारायण सेवा है। एक चिकित्सक के रूप में शुद्ध अन्तःकरण एवं निस्वार्थ भाव से मानवता की सेवा करना ही उनके जीवन का ध्येय है। इस उद्देश्य की पूर्ति के लिये वह अपने कर्म पथ पर अनवरत आगे बढ़ते रहेंगे। डॉ0 सुनीता जायसवाल मेमोरियल हॉस्पिटल एवं ट्रामा सेन्टर के पूरी टीम सहित प्रबन्धक डा0 सुशान्त जायसवाल ने उपमुख्यमंत्री एवं स्वास्थ्य मंत्री बृजेश पाठक के प्रति आभार व्यक्त किया और कहा कि इस सम्मान से हॉस्पिटल परिवार हर्ष एवं गर्व की अनुभूति करता है।

# डीपीआरओ के आदेश को पंचायत सचिव दिखा रहे ठेंगा

वेलकम इंडिया



**मथुरा।** भारत सरकार ने स्वच्छ भारत मिशन के तहत नगरीय क्षेत्र और ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छता अभियान अनवरत जारी है, जिसमें बहुत बड़ी धनराशि खर्च की जा रही है। इस अभियान को जनहित में व्यापक रूप से संचालित करने के लिए स्थाई रूप से सफाई कर्मचारी कार्यरत है। ये कार्य नगरीय क्षेत्र में नगर विकास विभाग और ग्रामीण क्षेत्र में पंचायत राज विभाग के माध्यम से कराए जा रहे हैं।

विकासखंड गोवर्धन की ग्राम पंचायत अडीग जो उत्तर प्रदेश सरकार के द्वारा आदर्श ग्राम पंचायत के रूप में चयनित है जिसमें करोड़ों रुपया केंद्र और राज्य सरकार से बजट आता रहा है और वर्तमान में भी आ रहा है। इस ग्राम पंचायत में सरकार ने पानी की तरह पैसा बहाकर ग्राम पंचायत को स्वच्छ और सुंदर बनाने के लिए विभिन्न योजनाओं के माध्यम से अनेक कार्य किए गए हैं ग्राम पंचायत में प्लास्टिक ब्रजराज कार्यक्रम स्थानीय पंचायत सचिव की उदासीनता से पूरी तरह दम तोड़ चुका है।

गांव का प्रमुख बिहारी जी मंदिर जहां पर प्रतिदिन भारी संख्या में महिला पुरुष सेवा पूजा करने के लिए आते हैं उसी मंदिर के रास्ते में सड़क पर सफाई कर्मचारियों की लापरवाही और पंचायत सचिव की अनदेखी के चलते, कूड़े के ढेर का डलाब घर बना हुआ है। जिसमें से उठने वाली दुर्गंध के कारण राहगीरों का चलना दुश्वार हो गया है। तलैया मोहल्ला से गोवर्धन मार्ग पर जाने वाली सड़क पर भी कूडे और गंदगी के ढेर लगे हुए हैं। जिससे ग्रामीणों का जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया है जबकि जिला पंचायत राज अधिकारी के द्वारा सभी पंचायत में पर्याप्त साफ सफाई के निर्देश समय-समय पर दिए जाते रहे हैं और उनके द्वारा स्वयं भी औचक निरीक्षण किए जाते रहे हैं और अभी भी अनवरत जारी हैं इसके बावजूद पंचायत सचिव और एडीओ पंचायत जिला पंचायत राज अधिकारी के आदेश को अनदेखा कर ठेंगा दिखाए हुए हैं।

## खोखे से हजारों का सामान चुरा ले गए अज्ञात चोर

**मथुरा/कोसीकलां।** शेरगढ रोड स्थित सीएचसी के पास एक खोखे में अज्ञात चोरों ने धावा बोल दिया। चोर खोखे से हजारों का सामान चुरा कर फरार हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटना स्थल का मौका मुआयना किया। नगर निवासी कल्लू शेरगढ रोड स्थित सीएचसी के पास एक खोखे में चाय, बीडी, सिगरेट, गुटखा आदि का बेचता है। गत दिवस वह प्रतिदिन की तरह वह अपने खोखे को बंद कर अपने घर चला गया। देर रात अज्ञात चोरों ने खोखे पर धावा बोल दिया। चोर खोखे से हजारों की बीडी, सिगरेट, गुटखा तंबाकू आदि सामान चुरा ले गए। प्रातः जब कल्लू खोखे पर पहुंचा तो खोखे का ताला टूटा देख उसके होश उड गए। कल्लू ने खोखे में रखा सामान चैक किया तो सारा सामान गायब मिला। पीडित ने मामले की जानकारी थाना पुलिस को दी।

# जिलाधिकारी की पहल से अल्मोड़ा मैग्नेसाइट कर्मियों को मिलेगी राहत

वेलकम इंडिया

**बागेश्वर, गोविन्द मेहता।** अल्मोड़ा मैग्नेसाइट लिमिटेडः कर्मचारियों के वेतन एवं ईपीएफ भुगतान प्रकरण की जांच हेतु जिलाधिकारी आकांक्षा कोंडे ने चार सदस्यीय जांच समिति गठित कराई है ।डीएम ने पदभार संभालने के बाद अल्मोड़ा मैग्नेसाइट कर्मियों की वेतन सम्बन्धी अनियमित्ता की शिकायत मिलने पर फैक्ट्री कर्मियों को मामले की गहनता से जांच का आश्वासन दिया था।

मालूम हो कि मैग्नेसाइट में कुछ कर्मियों ने एमडी पर गम्भीर आरोप लगाए थे ।जिसके बाद सूत्रों के अनुसार चर्चा है कि वित्तीय अनियमित्ता के आरोप लगाने वालों को उनके पद से अन्यत्र हटाने और उन कर्मियों का मानसिक शोषण होने के भी आरोप लगे है ।मैग्नेसाइट में अधिकारी वर्ग में कार्य करने वाले दिनेश सिंह नाम के कर्मी द्वारा बिलो में धांधली होने पर बिलों में आपत्ति लगाने के बाद उसे एमडी द्वारा फैक्टरी के किचन विभाग में तैनाती देकर उन्हें समय से वेतन नही देने, मानसिक शोषण करने के आरोप उनके नजदीकी परिजनों द्वारा लगाए गए ।कम्पनी बन्द होने के बाद पूर्वाग्रह से ग्रसित होकर मानसिक रूप से परेशान कर्मी की गत माह मानसिक रूप से परेशान रहने और पूर्व में एमडी द्वारा कुछ ही कर्मियों को वेतन नही दिए जाने के बाद फैक्टरी कर्मी दिनेश रौतेला की मानसिक रूप से कमजोर आर्थिक स्थिति के बाद वीमार होने से मौत हो गई ।जिसके बाद कुछ कर्मियों ने इसके लिए जिम्मेदार अधिकारी पर गोपनीय रूप से परेशान करने की बात कही थी ।वही फैक्ट्री बन्द होने से वेतन और रोजगार के अभाव में कर्मियों द्वारा फैक्ट्री को खोलने और सभी प्रकरणों की उच्चस्तरीय जांच की मांग जिलाधिकारी से की ।डीएम ने अब जांच कमेटी का गत गठन किया है। जहां अब कर्मियों को सारे प्रकरणों की निष्पक्ष जांच होने की उम्मीद जगी है ।जांच समिति उपजिलाधिकारी बागेश्वर की अध्यक्षता में कार्य करेगी ।जांच समिति में वरिष्ठ कोषाधिकारी, लीड बैंक अधिकारी तथा श्रम प्रवर्तन अधिकारी बागेश्वर सदस्य के रूप में शामिल किए गए हैं ।जांच समिति अल्मोड़ा मैग्नेसाइट लिमिटेड कंपनी में कार्यरत कर्मचारियों के लंबित वेतन भुगतान की वर्तमान स्थिति, कर्मचारियों के ईपीएफ अंशदान एवं कंपनी के अंशदान को वेतन भुगतान के साथ उनके खातों में जमा किए जाने की प्रक्रिया की गहन जांच करे। साथ ही यह भी परीक्षण किया जाएगा कि ईपीएफ की धनराशि सीधे कर्मचारियों के खातों में जमा की जा रही है या कंपनी द्वारा ट्रस्ट अथवा क्रेडिट अकाउंट में जमा की जा रही है।

# नीमगांव मण्डल राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रारंभिक वर्ग कार्यक्रम का हुआ शुभारंभ

वेलकम इंडिया



**मथुरा/गोवर्धन।** गोवर्धन खंड के अंतर्गत नीमगांव मंडल में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का प्रारंभिक वर्ग बड़े ही उत्साह और अनुशासन के साथ प्रारंभ हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता के पावन चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं पुष्प अर्पण कर किया गया। इस अवसर पर खंड के खंड संघचालक श्याम बाबू कौशिक एवं वर्ग कार्यवाह पवन की गरिमामयी उपस्थिति रही।

उद्घाटन सत्र में जिला बौद्धिक प्रमुख बहादुर (कोसी जिला) ने उपस्थित स्वयंसेवकों का मार्गदर्शन किया ।उन्होंने अपने प्रेरक उद्बोधन में बताया कि प्रारंभिक वर्ग केवल एक प्रशिक्षण नहीं, बल्कि संस्कार, अनुशासन और राष्ट्रीय चेतना का जीवन साधन है।

उन्होंने संघ की 100 वर्ष की गौरवपूर्ण यात्रा, उसके उद्देश्य और संगठन की कार्यपद्धति पर प्रकाश डालते हुए कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ व्यक्ति निर्माण का माध्यम है। यहाँ लघु-लघु संस्कारों से व्यक्ति महान बनता है, अनुशासन से संगठन बनता है और संगठन से राष्ट्र का निर्माण होता है। वर्ग में जिला प्रचारक कुश जिला शारीरिक शिक्षण प्रमुख रामेश्वर दयाल, विजेंद्र नगर संघ चालक गोवर्धन नगर खंड प्रचारक अमित, राकेश , नगर कार्यवाह सुशांत, मुख्य शिक्षक कंचन, व्यवस्था प्रमुख लीलाधर, आपूर्ति व्यवस्था प्रमुख विट्ठल तथा श्याम सुंदर, रामपुरोहित, राजेश सहित अन्य नगर एवं खंड के समर्पित कार्यकर्ताओं का विशेष सहयोग रहा।

# अज्ञात ट्रक के चपेट में आने से बाइक सवार युवक की मौत, किशोरी घायल

संदीप तिवारी / वेलकम इंडिया





**मिजार्मुराद कछवारोड़।** क्षेत्र के बिहड़ा पावर हाउस स्थित ओवरब्रिज पर शनिवार की सुबह पूर्वाह्न 11 बजे औराई के तरफ से आ रहे बाइक सवार को पीछे से अज्ञात ट्रक ने जोरदार टक्कर मार दिया जिससे बाइक चला रहा युवक व एक किशोरी गम्भीर रूप से घायल हो गई।घटना के बाद अज्ञात वाहन वाराणसी के तरफ भाग निकला।पुलिस द्वारा घायलों को बीएचयू ट्रॉमा सेंटर भेजा गया जहां युवक को डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

जानकारी के अनुसार मिजार्मुराद थाना क्षेत्र के छतेरी (मानापुर) गांव निवासी शिवशंकर राय उम्र (26) वर्ष पुत्र स्व.कन्हैया राय भदोही जिले के चौरी थाना क्षेत्र के सर्बतखानी गांव से छतेरी (मानापुर) गांव निवासी दुर्जन बिन्द की 17 वर्षीया पुत्री मोना बिन्द को लेकर बाइक से वापस घर आ रहा था जैसे ही बिहड़ा ओवरब्रिज पर पहुंचा औराई के तरफ से आ रही अज्ञात तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक में पीछे से टक्कर मार दिया जिससे बाइक सवार युवक व किशोरी गम्भीर रूप से घायल हो गई।

राहगीरों की सूचना पर मौके पर पहुंचे कछवांरोड चौकी प्रभारी गणेश प्रसाद पटेल ने दोनों घायलों को एम्बुलेंस की मदद से बीएचयू स्थित ट्रॉमा सेंटर भेजे जहां युवक को डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया वही किशोरी का इलाज चल रहा है।मृतक तीन भाइयों में दूसरे नंबर का था व एक रितिक नाम तीन वर्ष के पुत्र व एक लक्ष्मी नामक एक वर्ष के पुत्री का पिता बताया गया।युवक ढलाई मशीन चलाकर अपने परिवार का भरण-पोषण करता था।युवक के मौत की सूचना मिलते ही पत्नी कामिनी राय समेत परिजनों में कोहराम मच गया।मृतक का बड़ा भाई रवि शंकर व छोटा भाई सत्यम दोनों मुम्बई रहकर जॉब करते है घटना की सूचना मिलते ही दोनों घर के लिए निकल गए।

चौकी प्रभारी गणेश प्रसाद पटेल ने बताया कि अज्ञात ट्रक की तलाश किया जा रहा है तहरीर मिलते ही मुकदमा दर्ज किया जाएगा।

## देवर की घिनौनी करतूत और ससुरालियों से परेशान महिला ने एसएसपी से न्याय की लगाई गुहार

**बरेली।** विशारतगंज थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने अपने ससुर और देवर पर उत्पीड़न और जानलेवा हमले का गंभीर आरोप लगाया है। पीड़िता का कहना है कि जब वह घर पर अकेली थी, तभी देवर अचानक घर में घुस आया और उससे अशोभनीय हरकत करने लगा। विरोध करने पर आरोपी मौके से भाग गया। घटना के बाद महिला ने तत्काल 112 नंबर पर कॉल कर पुलिस को सूचना दी। पीड़िता ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, बरेली को प्रार्थना पत्र देकर बताया कि उसके पति की मृत्यु के बाद से ही ससुर और देवर का रवैया उसके प्रति संदिग्ध और दबावपूर्ण रहा है। आरोप है कि दोनों उसे धमकी देते हैं कि ₹अगर हमारे साथ नहीं रहोगी तो तुम्हें जमीन-जायदाद में हिस्सा नहीं देंगे।₹ महिला ने बताया कि देवर पहले भी इस तरह की हरकत कर चुका है, जबकि ससुर, सास, देवरानी और परिवार के अन्य सदस्य कई बार उस पर हमला कर चुके हैं। लगातार उत्पीड़न से परेशान होकर वह अपने तीन बच्चों के साथ सुभाषनगर क्षेत्र में रहकर दैनिक मजदूरी कर रही है।

# तरंग की तरंग से देखते ही देखते साफ हो गए घाट



वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह वरिष्ठ

**हापुड़।** गढ़मुक्तेश्वर के खादर क्षेत्र में लगने वाले प्राचीन एवं ऐतिहासिक मेले में जिसे मिनी कुंभ के नाम से भी जाना जाता है जिला प्रशासन की पहल पर वॉलिंटियर्स के ग्रुप को नाम दिया गया तरंग आज लोकभारती एवं स्वामी विवेकानंद विचार मंच के तत्वाधान में सेनरा पब्लिक स्कूल गढ़मुक्तेश्वर रेनबो पब्लिक स्कूल देहरा कुटी एवं महाराजा अग्रसेन सरस्वती शिशु मंदिर बहादुरगढ़ के बच्चों ने वालंटियर के रूप में कार्य किया। कार्य का प्रारंभ शक्ति चौक से प्रारंभ हुआ आज 12 ग्रुप बनाकर कार्य को विस्तृत रूप दिया गया आज वन बाय वन दुकानदारों को फोकस करते हुए 6 ग्रुप ने उन्हें सफाई के प्रति जागरूक किया एवं गंदगी न फैलाने के लिए वार्ता की गई। तत्पश्चात मेले के मुख्य मार्गो को सफाई करने के पश्चात घाट संख्या 7,8,9, 11 एवं 12 पर तरंग वॉलिंटियर्स ने श्रद्धालुओं को गंदगी न फैलाने गंगा में कपड़े न धोने आदि के विषय में विस्तार से समझाया। मुख्य स्नान घाट संख्या 9 पर सभी तरंग वॉलिंटियर्स को संबोधित करते हुए पर्यावरणविद् भारत भूषण गर्ग ने कहा कि आप सभी का यह कार्य अत्यंत ही महत्वपूर्ण है परंतु हमें इस कार्य को विस्तार देते हुए अपने घर अपने गांव अपने कस्बे में भी ले जाना होगा हमें अपने घर को पॉलिथीन फ्री करना होगा यदि किसी रूप में भी पालीथिन हमारे घर में आ रही है तो वह घर से बाहर न जाकर खाली बोतलों में उसको भरकर बोतल ब्रिक बना लेनी चाहिए।मेले में आए हुए श्रद्धालुओं एवं दुकानदारों ने इन तरंग वॉलिंटियर्स को देखकर कार्य की सराहना की एवं स्वयं भी इस विषय में गंदगी ने फैलाने पर ध्यान देने की महत्वपूर्ण बात कही।

## सार संक्षेप

### मोहम्मदपुर का नाम बदलवाने को ग्रामीणों ने उठाई आवाज... मुख्यमंत्री को भेजा ज्ञापन




वेलकम इंडिया/सुनील गुप्ता

**बरेली।** बहेड़ी तहसील के शेरगढ़ ब्लॉक स्थित ग्राम मोहम्मदपुर के ग्रामीणों ने गांव का नाम बदलने की मांग को लेकर जिला मुख्यालय पहुंचकर डीएम को संबोधित ज्ञापन मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को भेजा है। ग्रामीणों का कहना है कि गांव में हिन्दू वर्ग की आबादी अधिक है, ऐसे में गांव का नाम 'मोहम्मदपुर' उनकी धार्मिक भावनाओं के अनुरूप नहीं है। गांव निवासी सुनील कुमार के नेतृत्व में ग्रामीणों ने डीएम कार्यालय पहुंचकर ज्ञापन सौंपा। उन्होंने बताया कि ग्राम पंचायत मोहम्मदपुर में पांच सौ से अधिक हिन्दू परिवार निवास कर रहे हैं। ऐसे में गांव का वर्तमान नाम बदलकर किसी उपयुक्त नाम से जाना जाना चाहिए। ग्रामीणों ने बताया कि गांव का नाम सुनकर लोग अक्सर भिन्न धारणा बना लेते हैं, जिससे सामाजिक असहजता भी महसूस होती है। उन्होंने प्रशासन से अनुरोध किया है कि जल्द से जल्द गांव का नाम परिवर्तन प्रस्ताव शासन को भेजा जाए।गांव वालों का कहना है कि जिस तरह 'आई लव मोहम्मद' विवाद के बाद नामों को लेकर बहस तेज हुई थी, उसी क्रम में अब वे भी अपने गांव का नाम बदलवाने की मांग सरकार से कर रहे हैं।

### गैंगस्टर एक्ट का हिस्ट्रीशीटर दानिश मुठभेड़ में घायल होकर चढ़ा पुलिस के हत्थे, तमंचा बरामद



वेलकम इंडिया/सुनील गुप्ता

**बरेली।** आंवला थाना क्षेत्र में गैंगस्टर एक्ट में वांछित और हिस्ट्रीशीटर अपराधी दानिश पुत्र फईम बेग पुलिस मुठभेड़ में गोली लगने से घायल हो गया। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर अस्पताल भिजवाया। उसके कब्जे से तमंचा, दो जिंदा और एक खोखा कारतूस बरामद हुआ है। घटना शुक्रवार-शनिवार की दरम्यानी रात की है। थाना आंवला पुलिस कस्बे में शांति व्यवस्था के दृष्टिगत गश्त कर रही थी। इस दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि हिस्ट्रीशीटर दानिश निवासी मोहल्ला गोसिया चौक, थाना आंवला, मोहल्ला विलायतगंज स्थित बंद मकबरे में नाजायज असलाह लेकर छिपा हुआ है। सूचना पर पुलिस टीम जब मौके पर पहुँची तो दानिश मकबरे से निकलकर लाल गोदाम की ओर भागने लगा। पुलिस ने रोकने का प्रयास किया तो उसने जान से मारने की नीयत से फायर कर दिया। पुलिस ने आत्मरक्षार्थ की गई जवाबी फायरिंग में दानिश के दाहिने पैर में गोली लग गई। उसे घायल अवस्था में रात करीब 12:18 बजे गिरफ्तार कर लिया गया। दानिश के खिलाफ बरेली और बदायूं जिलों के विभिन्न थानों में चोरी, अवैध असलाह व अपहरण के 13 मुकदमे दर्ज हैं। वह थाना आंवला का हिस्ट्रीशीटर अपराधी है। पुलिस ने बताया कि घायल को उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया है और मामले में आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है।

### आज मांगलौर विद्युत फीडर की आपूर्ति रहेगी बाधित: एक्सईयन

**शिकारपुर।** आज रविवार को 33 केबी उपकेंद्र मांगलौर (शिकारपुर) बिजलीघर पर स्विच यार्ड में मेंटेनिस कार्य हेतु विद्युत आपूर्ति सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक मांगलौर बिजलीघर से पोसित समस्त विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। यह जानकारी शिकारपुर एक्सईयन मनीष मथुरिया द्वारा दी गई और साथ ही उन्होंने विद्युत उपभोक्ताओं से भी सहयोग की अपील की है।

# 1 नवम्बर को काला दिवस मनाते हुए, ज्ञापन दिया गया




वेलकम इंडिया

**झांसी।** बुंदेलखंड क्रांति दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष कुंवर सत्येन्द्र पाल सिंह के नेतृत्व में आज कार्यकताओं ने 1 नवम्बर को काला दिवस के रूप में मनाते हुए पृथक बुंदेलखंड राज्य की पुनः स्थापना की मांग की।प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नाम ज्ञापन आयुक्त की अनुपस्थिति में नगर मजिस्ट्रेट झाँसी को सौंपा गया।

सभा को संबोधित करते हुए कुंवर सत्येन्द्र पाल सिंह ने कहा कि 01 नवम्बर हमारे लिए दुख और संकल्प का दिन है। 1956 में बुंदेलखंड राज्य समाप्त हुआ था, इसलिए आज हम ह्यकाला दिवसह्ण मना रहे हैं। अब समय है कि सवा दो करोड़ बुंदेलखंडवासियों को उनका हक मिले। ज्ञापन में उल्लेख किया गया कि 1948 में गठित बुंदेलखंड राज्य को 1956 में समाप्त कर दिया गया, जिससे क्षेत्र विकास से वंचित रह गया।

उन्होंने कहा कि पृथक राज्य बनने से शिक्षा, स्वास्थ्य, सिंचाई, उद्योग और रोजगार के नए अवसर खुलेंगे। आज के कार्यक्रम में मुख्य रूप से कु .राधा प्रजापति, श्रीमति शारदा शर्मा, नईम मंसूरी, हरी नारायण श्रीवास्तव मौजूद रहे।

# जोगीठेर न्याय पंचायत स्तर पर खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन हुआ

वेलकम इंडिया/चरण सिंह



**बरेली।** परिषदीय विद्यालयों में न्याय पंचायत स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिताएं ग्रामीण क्षेत्रों में बच्चों की प्रतिभा को निखारने और उन्हें आगे बढ़ने का अवसर देने के लिए बेहद महत्वपूर्ण मानी जाती हैं। न्याय पंचायत जोगीठेर स्तर पर चन्दपुर काजियान के प्राथमिक विद्यालय में शनिवार को हुई खेलकूद प्रतियोगिता में बच्चों ने कई खेलों में हिस्सा लिया और अपनी प्रतिभा का जौहर दिखाया। न्याय पंचायत स्तरीय इस खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन डॉ नीतू अग्रवाल और राखी सक्सेना के नेतृत्व में किया गया।

वही इस प्रतियोगिता में खेल अनुदेशक गौरव गंगवार ने प्रत्येक खेल को उसके नियमों के अनुसार आयोजित करने में मुख्य भूमिका निभाई। इस खेलकूद प्रतियोगिता में प्राथमिक और उच्च प्राथमिक विद्यालयों के बच्चों ने भाग लिया। बच्चों ने शिक्षकों की देखरेख में विभिन्न खेलों में हिस्सा लिया और विजेताओं को सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर कंपोजिट विद्यालय जोगीठेर के प्रधानाध्यापक लाल बहादुर गंगवार ने कहा कि इस आयोजन से बच्चों में टीम भावना, अनुशासन और आत्मविश्वास का विकास हुआ। न्याय पंचायत स्तर पर विजयी टीम अब ब्लॉक स्तर पर होने वाली खेलकूद प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेगी। इस दौरान नलिन रस्तोगी, निशा पाल, मुकेश कुमार, अनवर हुसैन, सचिन साहू, रितु उपाध्याय, ममता पाल कल्पना शर्मा, पंडित अनिल कुमार शर्मा आदि शिक्षक और कर्मचारियों ने सहयोग किया।

जोगीठेर न्याय पंचायत के प्राथमिक विद्यालय चन्दपुर काजियान में हुई खेलकूद प्रतियोगिता में 100 मीटर 200 मी 400 मीटर की बालक बालिका वर्ग की अलग-अलग दौड़ कराई गई, जिसमें जोगीठेर से हर्षिता और बहजुईया जागीर से जुनैद ने बाजी मारी। कबड्डी में चन्दपुर काजियान ने जोगीठेर की टीम को हराया, खो खो में चन्दपुर जोगियान की टीम को ऐना की टीम ने पछाड़ा, लंबी कूद में ठिरिया ठाकुरान सभी विद्यालयों को पीछे छोड़ते हुए आगे रहा।

## मारपीट में युवती समेत चार घायल, चार पर मुकदमा दर्ज

**मिजार्मुराद कछवारोड़।** क्षेत्र के खजुरी चौकी अंतर्गत एक गांव निवासिनी युवती के तहरीर पर मिजार्मुराद पुलिस ने शुक्रवार की देर रात गणेशपुर गांव (मिजार्मुराद) निवासी सुभाष पटेल, जय प्रकाश पटेल, ओमप्रकाश व संदीप पटेल के खिलाफ मारपीट, छेड़खानी व जान से मारने की धमकी देने का मुकदमा दर्ज कर जांच-पड़ताल में जुट गई।उक्त घटना बीते 20 अक्टूबर को रात साढ़े आठ बजे की बताई गई।पीड़िता ने बताया कि सभी विपक्षीगण घर में घुसकर बिना किसी बात के गाली-गलौज दे रहे थे जब गाली देने का कारण पूछी तो एकरार होकर बुरी तरह मारपीट घायल कर दिये बीच बचाव करने आए अमित कुमार, नवनीत कुमार व उर्मिला देवी को भी मारे पीटे व मेरा कपड़ा फाड़ दिये।मिजार्मुराद थाना प्रभारी प्रमोद कुमार पांडेय ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है जांच-पड़ताल किया जा रहा है।

# बरेली बवाल में निर्दोष को फंसाने का आरोप

## मजदूर की पत्नी बोली सच्चाई जानने के लिए मोबाइल की लोकेशन देखी जाए

वेलकम इंडिया /सूरज मौर्य



**बरेली।** 26 सितंबर को मौलाना तौकीर रजा के बुलावे पर जुटी भीड़ से उपजे बवाल मामले में अब बेगुनाहों को फंसाए जाने के आरोपों ने तूल पकड़ लिया है। थाना इज्जतनगर क्षेत्र के गांव फरीदाबाद चौधरी निवासी फरजाना ने अपने पति को झूठे मुकदमे में फंसाए जाने की शिकायत एसएसपी से की है। फरजाना ने बताया कि शुक्रवार को पुलिस उनके घर पहुंची और कहा कि जांच में उनके पति शफी अहमद का नाम 26 सितंबर के बवाल में सामने आया है।

फरजाना का कहना है कि उनका पति दिहाड़ी मजदूर है, जो मेहनत-मजदूरी कर परिवार का पेट पालता है। उसका न तो मौलाना तौकीर रजा से कोई संबंध है और न ही आईएमसी पार्टी की किसी बैठक में उसने कभी हिस्सा लिया है। पीड़िता का आरोप है कि कुछ लोगों से पुरानी रंजिश के चलते उसके पति का नाम साजिश के तहत मामले में शामिल करा दिया गया। फरजाना ने एसएसपी से अपील की कि किसी वरिष्ठ अधिकारी के माध्यम से उनके पति के मोबाइल की लोकेशन की जांच कराई जाए, जिससे सच सामने आ सके।

उन्होंने कहा कि परिवार पहले ही आर्थिक संकट से जूझ रहा है, ऐसे में बेगुनाह पति को झूठे मुकदमे में फंसाना सरासर अन्याय है। फरजाना ने पुलिस प्रशासन से निष्पक्ष जांच कर निर्दोष को राहत दिलाने की मांग की है। आपको बता दें कि आई लव मोहम्मद को लेकर 26 सितंबर को मौलाना तौकीर रजा के बुलावे पर बड़ी संख्या में लोग इस्लामियों इण्टर कॉलेज के पास जुटे थे। भीड़ के बीच नारेबाजी और हंगामे के चलते बवाल हो गया था। पुलिस को लाठियां भाजना पड़ी थीं। पुलिस ने मौलाना के करीबों पर बुलडोजर तक की कार्रवाई की है।

# जिला खो-खो संघ हापुड़ ने मनाई सरदार पटेल जयंती, खो-खो प्रतियोगिता में 17 टीमों ने दिखाया दम



वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह

**हापुड़।** जिला खो-खो संघ हापुड़ के तत्वावधान में लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर बालक एवं बालिका खो-खो प्रतियोगिता का आयोजन जे.एम.एस. वर्ल्ड स्कूल के खेल मैदान पर किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन विश्व हिंदू परिषद बुलंदशहर के जिला अध्यक्ष अमित नागर, जनसंख्या समाधान फाउंडेशन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राजेंद्र गुर्जर, किसान यूनियन के जिला अध्यक्ष पवन हून, जे.एम.एस. स्कूल के सचिव रोहन सिंघल एवं प्रधानाचार्य डॉ. निधि मलिक ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन कर एवं सरदार पटेल के चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया।

इस अवसर पर अमित नागर ने कहा कि सरदार पटेल स्वतंत्र भारत के प्रथम गृह मंत्री थे, जिन्होंने अपना संपूर्ण जीवन देश की एकता और अखंडता को समर्पित किया।आज की युवा पीढ़ी को उनसे प्रेरणा लेकर राष्ट्रहित में कार्य करना चाहिए।राजेंद्र गुर्जर ने कहा कि जब देश आजाद हुआ था, तब यह छोटी-छोटी रियासतों में बँटा था। सरदार पटेल की दृढ़ इच्छाशक्ति और कुशल नेतृत्व से ही भारत एक अखंड राष्ट्र के रूप में स्थापित हुआ।वहीं रोहन सिंघल ने युवाओं से अपील की कि वे राष्ट्र प्रथम की भावना से कार्य करें।

प्रतियोगिता के आयोजन सचिव रविंद्र गुर्जर ने बताया कि इस प्रतियोगिता में जनपद के बालक एवं बालिका वर्ग की कुल 17 टीमों ने प्रतिभाग किया। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी आगामी 21 और 22 नवंबर को हरदोई में आयोजित राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में हिस्सा लेंगे।

# सरदार पटेल मोटिवेशनल अवार्ड से दिल्ली में सम्मानित हुए लाल बहादुर गंगवार

वेलकम इंडिया/चरण सिंह





**बरेली।** लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर मीडिया एवं फिल्म प्रोडक्शन ग्रुप द्वारा राम मोहन राय मेमोरियल सभागार नई दिल्ली में बेसिक शिक्षा विभाग के शिक्षक लाल बहादुर गंगवार को समाज में उत्कृष्ट योगदान देने के लिए सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में देश से लगभग दो दर्जन समाजसेवियों को आमंत्रित किया गया था, जिसमें अक्षरधाम के प्रधान पुजारी भी शामिल थे।

कार्यक्रम में लिम्का बुक ऑफ रिकॉर्ड सहित कई रिकॉर्ड धारी भी इस सम्मान समारोह में शामिल हुए। इस कार्यक्रम का संचालन प्रोड्यूसर अमोल ने किया, इस अवसर पर बरेली के बेसिक शिक्षा परिषद के शिक्षक लाल बहादुर गंगवार की सामाजिक सेवाओं की खुलकर प्रशंसा हुई, इस दौरान मंच पर जहां एक और लाल बहादुर ने निर्णायक मंडल का आभार व्यक्त किया, वहीं दूसरी तरफ सरदार वल्लभ भाई पटेल के जीवन के कुछ अनछुए पहलुओं पर भी प्रकाश डालते हुए चर्चा की, उन्होंने पटेल जी के संघर्षशील जीवन से सीख लेने की बात भी दोहराई। ज्ञात हो कि भारत के प्रत्येक राज्य से एक अथवा दो शिक्षकों अथवा सामाजिक व्यक्तियों को इस कार्यक्रम में शामिल किया गया था, सम्मान के तौर पर मीडिया ग्रुप द्वारा प्रशस्ति पत्र तथा अशोक चक्र के फोटो के साथ स्मृति चिन्ह भेंट किया गया और बैज पहनाया गया। लाल बहादुर कुमार की इस उपलब्धि को लेकर कुर्मी महासभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सीएल गंगवार, रोटरी क्लब के पूर्व गवर्नर पुष्प पाल सिंह अर्बन को-ऑप्रेटिव बैंक की अध्यक्ष श्रुति गंगवार, गीता सेवा ट्रस्ट के अध्यक्ष सहित झारखंड के महामहिम राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने भी लाल बहादुर गंगवार को शुभकामनाएं प्रेषित की है।

आपको बता दें कि बरेली के बेसिक शिक्षा परिषद के शिक्षक लाल बहादुर गंगवार को वर्ष 2013 में राष्ट्रीय शिक्षक सम्मान से भी विभूषित किया जा चुका है तथा लोकमन स्टेट अवार्ड भी 2014 में मिल चुका है, उन्होंने न केवल 38 बार ब्लड डोनेट किया बल्कि 300 से अधिक शिक्षकों और समाजसेवियों से नेत्रदान संकल्प भी करवाया हैं खुद भी अपनी पत्नी सीमा गंगवार सहित मरणोपरांत शरीर दान का संकल्प भी नई दिल्ली स्थित एम्स में ले चुके हैं। इनकी दो पुत्रियों में बड़ी बेटी एक प्रतिष्ठित कंपनी की डायरेक्टर तथा दूसरी बेटी आईआईएम बैंगलोर में अध्यनरत है।

## सरदार पटेल सहकारी डेयरी फेडरेशन ने धूमधाम से मनाया जयंती उत्सव

**जहांगीराबाद।** भारत के लोह पुरुष भारत रत्न सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के शुभअवसर पर सरदार वल्लभ पटेल सहकारी डेयरी फेडरेशन लिमिटेड द्वारा जयंती उत्सव धूमधाम से मनाया गया। जयंती का आयोजन कुमार कोल्ड स्टोरेज में संचालित साबर अमूल डेरी दूध अवशीतन केंद्र पर किया गया। कार्यक्रम में दूध उत्पादक महिलाएं युवा एवं सहकारी क्षेत्र से जुड़े विशेषज्ञों ने भाग लिया। कार्यक्रम में लगभग 350 गांव के दूध उत्पादकों महिलाओं और युवाओं ने भाग लिया। इस आयोजन के माध्यम से सरदार पटेल जी के एकता और सहकार के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने का प्रयास किया गया।

# हापुड़ जिले के कई गांवों में सनातन हिंदु एकता पदयात्रा के निमंत्रण पत्र बांटे

**वेलकम इंडिया/ हरेन्द्र शर्मा**




**हापुड़।** जनपद में धर्म और राष्ट्र एकता के पावन संदेश के साथ बागेश्वर धाम सरकार के पीठाधीश श्री धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री जी महाराज के आह्वान पर एक ऐतिहासिक अध्याय लिखने की तैयारी शुरू हो चुकी है। आगामी 7 नवंबर से 16 नवंबर तक दिल्ली से प्रारंभ होने वाली सनातन हिंदू एकता पदयात्रा में पूरे देशभर से लाखों श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना जताई जा रही है। इस विशाल यात्रा का उद्देश्य सनातन संस्कृति, धर्म, प्रेम और राष्ट्रीय एकता के संदेश को जन-जन तक पहुँचाना है।

उत्तर प्रदेश के जिला हापुड़ में इस यात्रा को लेकर श्रद्धालुओं में गहरी आस्था और उत्साह का माहौल है। श्री बागेश्वर धाम शिष्य मंडल परिवार हापुड़ के प्रभारी नितिन शिशौदिया ने बताया कि जिलेभर के भक्त बड़ी संख्या में इस पदयात्रा का हिस्सा बनने की तैयारी में जुटे हैं। उन्होंने कहा कि ह्ययह यात्रा केवल एक धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि सनातन संस्कृति के पुनर्जागरण का संकल्प है। हर अनुयायी इस संदेश को अपने जीवन का हिस्सा बना रहा है।नितिन शिशौदिया के अनुसार अधिक से अधिक भक्त इस दिव्य यात्रा में सम्मिलित हो सकें।

श्रद्धालु समूहों द्वारा लगातार संपर्क कर यात्रा की तैयारी को अंतिम रूप दिया जा रहा है।आज समाना,कमरुद्दीनगर,शिवाया,सपनावत ा के उदय प्रताप इंटर कॉलेज प्रधानाचार्य कुशलपाल सिंह चौहान, उप प्रधानाचार्य अमर सिंह शर्मा जी स्वागत किया।यह पदयात्रा दिल्ली से प्रारंभ होकर विभिन्न नगरों, तीर्थ स्थलों और ग्रामीण अंचलों से गुजरते हुए आगे बढ़ेगी।

मार्ग में अनेक स्थलों पर राम नाम संकीर्तन, हनुमान चालीसा पाठ और राष्ट्र एकता के विशेष कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। इन आयोजनों के माध्यम से भक्तजन समाज में सनातन संस्कृति की जीवंत भावना, धर्म के प्रति जागरूकता, प्रेम और सद्भाव का संदेश फैलाने का संकल्प ले रहे हैं।बागेश्वर धाम सरकार की यह पहल केवल धार्मिक यात्रा नहीं, बल्कि भारत के सांस्कृतिक एकत्व और सनातन चेतना के पुनरुत्थान का प्रतीक मानी जा रही है। इस यात्रा से देशभर में धर्म, एकता और अखंड भारत के विचार को नई दिशा मिलने की उम्मीद जताई जा रही है।यह यात्रा केवल पैरों से नहीं, बल्कि आस्था, श्रद्धा और राष्ट्र प्रेम से आगे बढ़ने वाला आंदोलन है।एक ऐसा आंदोलन जो भारत की आत्मा को पुनः जागृत करने जा रहा है।

## तमंचे के साथ युवक का फोटो वायरल

**कांधला।** थाना क्षेत्र निवासी एक युवक का तमंचे के साथ फोटो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है। वायरल फोटो में युवक हाथ में तमंचा लिए हुए हवा में लहराता हुआ दिखाई पड़ रहा है जो कि सोशल मीडिया पर युवक का फोटो वायरल हो रहा है। युवा इन दिनों हथियार लहराने का शौक चढ़ा हुआ है पुलिस आए दिन फोटो और वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद कार्रवाई कर रही है। कार्रवाई के बाद भी युवा वर्ग अपना भविष्य दांव पर लगाकर अवैध हथियार के साथ फोटो एवं वीडियो रील बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर रहे हैं। शनिवार को एक युवक का फोटो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया वायरल फोटो में युवक हाथ में तमंचा लेकर हवा में लहराता हुआ दिखाई पड़ रहा है जिसके पीछे कई युवक भी खड़े हुए हैं। तमंचा लहराते हुए युवक का फोटो तेजी के साथ सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। फिलहाल अवैध हथियार के साथ फोटो वायरल होने से पुलिस विभाग में हड़कंप बचा हुआ और पुलिस आरोपी युवक की तलाश में जुटी हुई है।

# वृंदावन धाम में गूंजा शिव नाम – फोगला आश्रम में रुद्राभिषेक महायज्ञ का शुभारंभ

**वेलकम इंडिया/सनी कुमार केसरवानी**



**वृंदावन।** कार्तिक मास के पावन अवसर पर शुक्रवार को वृंदावन धाम भक्ति, अध्यात्म और शिव आराधना से गूंज उठा। फोगला आश्रम परिसर में पार्थिव शिवलिंग निर्माण एवं रुद्राभिषेक महायज्ञ का शुभारंभ श्रद्धा, उत्साह और आध्यात्मिक माहौल में हुआ।

पूज्य बड़े भैया डॉ. अनिल शास्त्री जी के सानिध्य तथा परम पूज्य गुरुदेव पं. देव प्रभाकर शास्त्री ह्यदद्दा जीह्ल और पूज्य गुरु माता जिज्जी की कृपा से आरंभ हुए इस तीन दिवसीय महायज्ञ में देशभर से श्रद्धालु बड़ी संख्या में पहुंचे। महायज्ञ के प्रथम दिवस पर सैकड़ों श्रद्धालुओं ने पार्थिव शिवलिंग बनाकर रुद्राभिषेक में भाग लिया। हर-हर महादेव और बम-बम भोले के जयघोष से पूरा फोगला आश्रम शिवमय हो उठा।

इस पावन अवसर पर बॉलीवुड के प्रसिद्ध अभिनेता और कॉमेडी के बादशाह राजपाल यादव ने भी विशेष रूप से भाग लिया। उन्होंने स्वयं पार्थिव शिवलिंग निर्माण और रुद्राभिषेक अनुष्ठान में सम्मिलित होकर गंगाजल से अभिषेक किया।

भावपूर्ण आराधना के पश्चात राजपाल यादव ने कहा –

वृंदावन की इस पवित्र भूमि पर आकर आत्मा को अद्भुत शांति और ऊर्जा का अनुभव होता है। यहां की भक्ति का वातावरण हर मनुष्य को शिवमय कर देता है।

रुद्राभिषेक के उपरांत श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया और विशाल भंडारे में सहभागिता की।

डॉ. अनिल शास्त्री जी ने कहा कि –

शिव साधना से जीवन में सकारात्मक ऊर्जा और दिव्यता का संचार होता है। यह आत्मशुद्धि और ईश्वरीय चेतना से जुड़ने का सर्वोत्तम मार्ग है।

उन्होंने बताया कि यह पार्थिव शिवलिंग निर्माण व रुद्राभिषेक महायज्ञ तीन दिनों तक निरंतर चलेगा, जिसमें देशभर से श्रद्धालु और दद्दा जी शिष्य मंडल के सदस्य शामिल होंगे।

# मेरठ पुलिस की शरद ऋतु कार्ययोजना — ठंड में चोरी-डकैती पर सख्त पहरा



**मेरठ।** ठंड शुरू होते ही मेरठ पुलिस ने चोरी, नकाबजनी और मवेशी चोरी जैसी वारदातों पर रोक लगाने के लिए शरद ऋतु कार्ययोजना लागू कर दी है। पुलिस अधीक्षक ग्रामीण अभिजीत कुमार ने सभी थाना और चौकी प्रभारियों को सख्त निगरानी के निर्देश दिए हैं।15 दिन का विशेष अभियान1से 15 नवंबर तक पुराने अपराधियों की सूची तैयार कर उनकी गतिविधियों का भौतिक सत्यापन किया जाएगा। संदिग्ध पाए जाने पर निरोधात्मक कार्रवाई होगी। अभियान की रिपोर्ट 15 नवंबर तक एसपी कार्यालय में जमा करनी होगी।रात में सख्त चेकिंग और ड्यूटी हॉट स्पॉट क्षेत्रों में रात के समय शिफ्टवार पुलिस ड्यूटी लगाई जाएगी। पुलिसकर्मियों को टॉर्च और रिफ्लेक्टर जैकेट पहनना अनिवार्य होगा। चेकिंग पॉइंट्स पर पर्याप्त रोशनी की व्यवस्था रहेगी।ग्रामीण क्षेत्रों में ढफश वाहनों के रूट का निरीक्षण अधिकारी स्वयं करेंगे और आवश्यकता अनुसार बदलाव किया जाएगा।थाना प्रभारी और बीट पुलिसकर्मी सक्रिय अपराधियों की जानकारी बीट बुक में दर्ज कर उन पर लगातार नजर रखेंगे।मेरठ पुलिस का लक्ष्य है ठंड के मौसम में चोरी और डकैती पर पूरी तरह नियंत्रण रखकर क्षेत्र में शांति और सुरक्षा बनाए रखना।

# पुलिस ने दो मादक पदार्थ तस्करों को गिरफ्तार कर भेजा जेल



**कांधला। (मोहसिन रहमानी)** पुलिस ने थाना क्षेत्र के सलेमपुर मार्ग से दो मादक पदार्थ तस्करों को गिरफ्तार किया जिनके कब्जे से पुलिस ने मादक पदार्थ बरामद करते हुए अभियोग दर्ज कर जेल भेज दिया है। थाना क्षेत्र का सलेमपुर मार्ग मादक पदार्थ तस्करों का गढ़ बन चुका है जिन पर आए दिन नशेड़ियों का जमावड़ा रहता है। शनिवार को पुलिस को मुखबिर द्वारा सूचना मिली कि सलेमपुर मार्ग पर दो मादक पदार्थ तस्कर मादक पदार्थों की तस्करी कर रहे हैं। मुखबिर के बताए गया स्थान पर पहुंची पुलिस टीम में घेराबंदी करते हुए मौके से दो मादक पदार्थ तस्कर पकड़ लिए। पकड़े गए मादक पदार्थ तस्करों ने अपने नाम शाहरुख व दूसरे ने साजिद निवासी मोहल्ला डांग डूंगडूगरा कांधला बताया। पुलिस ने पकड़े गए दोनों मादक पदार्थ तस्करों के कब्जे से तलाशी लेने पर 440 ग्राम चरस बरामद की और दोनों तस्करों के विरुद्ध अभियोग दर्ज करते हुए उन्हें जेल भेज दिया है। नगर एवं क्षेत्र में चर्चा है कि पुलिस नशा बेचने वाले बड़े तस्करों पर हाथ नहीं डाल रही और छोटे तस्करों को पकड़कर अपनी इतश्री पूरी कर रही है। जिस कारण नशा तस्करों के हौसले बुलंद हैं।

# रिश्तेदारी में आए दंपति के साथ मारपीट, दंपति घायल



**कांधला।** थाना क्षेत्र के कस्बा एलम मे ससुराल में हुए घरेलू विवाद को सुलझाने पहुंचे दामाद और उसकी पत्नी के साथ मारपीट कर दी, जिसमें दंपति घायल हो गए। घायल दंपति ने डॉक्टरी परीक्षण कराने के बाद थाने पर आरोपियों के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस जांच में जुटी हुई है। जनपद मुजफ्फर नगर के थाना भौरा कलां के गांव नाबाद गढ़ी निवासी रविन्द्र की थाना क्षेत्र के कस्बा एलम में ससुराल है। रविन्द्र ने जानकारी देते हुए बताया कि ससुराल में उसके साले और साली का किसी बात को लेकर आपस में विवाद चल रहा था। रविन्द्र अपनी पत्नी छोटी के साथ दोनों को समझाने पहुंचा तो आरोप है कि साले ने अपने दो दोस्तों के साथ मिलकर गाली गलौज करते हुए लाठी डंडों और धारदार हथियार से मारपीट कर दी। जिसमें दंपति गंभीर रूप से घायल हो गया। पीड़ित दंपति ने अपना डॉक्टरी परीक्षण कराया। चिकित्सकों ने रविन्द्र की गंभीर हालत के चलते उसे जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया है। पीड़ित ने शनिवार को आरोपियों के खिलाफ थाने पर तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# नए आपराधिक कानून का उद्देश्य जनता को शीघ्र व सुलभ नया दिलाना : अरविन्द शर्मा

**वेलकम इंडिया**

**संतकबीरनगर।** नए आपराधिक कानूनों को लेकर चलाये जा रहे जागरूकता अभियान के तहत ए. एच. एग्री. इंटर कॉलेज दुधारा में सेमिनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधानाचार्य संजय द्विवेदी व संचालन कमरे आलम सिद्दीकी ने किया।

प्रभारी निरीक्षक दुधारा अरविन्द शर्मा ने कहा कि सरकार का मुख्य लक्ष्य एक ऐसी आपराधिक न्याय प्रणाली बनाना है जो न केवल नागरिकों के अधिकारों की रक्षा करती है, बल्कि सभी के लिए सुलभ और शीघ्र न्याय सुनिश्चित करते हुए कानून के शासन को भी बनाए रखती है।

सेमिनार में वरिष्ठ उप निरीक्षक राजीव कुमार सिंह ने एनसीएल जागरूकता अभियान 2.0 के तहत प्रतिभागियों को 1 जुलाई 2024 से लागू हुए तीन नए आपराधिक कानूनों – भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस), भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) और भारतीय साक्ष्य अधिनियम (बीएसए) के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई।कार्यक्रम में जीरो एफआईआर, ई-एफआईआर, समयबद्ध न्याय, महिला एवं बाल संरक्षण के प्रावधान, नए अपराधों की परिभाषा तथा प्रौद्योगिकी और फोरेंसिक के उपयोग से जुड़े नियमों पर विशेष चर्चा की गई। सेमिनार में साइबर ठगी से बचाव के उपायों, महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबरों और ऑनलाइन धोखाधड़ी से सतर्क रहने के तरीकों पर भी विस्तार से चर्चा की गई। इस अवसर पर कांस्टेबल अरविन्द यादव, रंजन सिंह, चांदनी सिंह, शिक्षक मुहम्मद इश्तियाक अंसारी, फसीहुद्दीन, मुहम्मद शाहिद, जुबेर अहमद, अब्दुस्सलाम, मुहम्मद परवेज अख्तर, ओजैर अहमद, जुनेद अहमद, सबीह अहमद, असादुल्लाह, अखिलेश कुमारी, हकीमुल्लाह, मुहम्मद जाहिद, रफी अहमद अंसारी, आरिफ अली, आदि मौजूद रहे।

# पुलिस ने चलाया जागरूकता अभियान, विद्यार्थियों को दी ई-एफआईआर और नए कानूनों की जानकारी




**वेलकम इंडिया/मोहम्मद असलम**

**निघासन खीरी।** कस्बे के महात्मा बुद्ध लोक कल्याण एवं ग्राम विकास संस्थान व अन्य विद्यालयों के विद्यार्थियों को एनसीएल जागरूकता अभियान के तहत जीरो-एफआईआर ई-एफआईआर महिला एवं बाल संरक्षण व नए कानून के बारे में विस्तृत जानकारी साझा किया गया इंस्पेक्टर महेश चंद ने पुलिस के कामकाज का तरीका बताया साथ ही विद्यार्थियों को हेल्प डेस्क पर शिकायत और निवारण के तरीके बताये नया आपराधिक कानून यूपी कॉप कार्यक्रम के तहत इंस्पेक्टर महेश चंद ने भीमराव अंबेडकर महाविद्यालय एब्लॉन पब्लिक स्कूल व महात्मा बुद्ध लोक कल्याण विकास संस्थान के बच्चों को बीएनएस बीएनएसएस व बीएसए के बारे में विस्तृत जानकारी दी। साथ ही 50 बच्चों ने नए कानून प्रश्नों में प्रतिभाग लिया प्रतिभाग करने के बाद बच्चों द्वारा संक्षिप्त नुक्कड़ नाट्य किया गया जिसमें बच्चों को विस्तार पूर्वक जानकारी प्राप्त हुई व बच्चों का मनोबल बढ़ा जबकि कुछ विद्यार्थी हिचकने लगे तो इंस्पेक्टर महेश चंद ने बताया कि घबराने की जरूरत नहीं है आप पुलिस को मित्र की तरह समझ कर बात करो विद्यार्थियों ने हिचक तोड़ी और आनलाइन एफआईआर दर्ज करने के तरीके से लेकर अन्य जानकारियां प्राप्त की इस अवसर पर पुलिस स्टाफ समेत विद्यालय के प्रधानाचार्य व अध्यापक गण मौजूद रहे। कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत महात्मा बुद्ध लोक कल्याण विकास संस्थान, भीम राव अम्बेडकर तराई महाविद्यालय व एब्लॉन पब्लिक स्कूल में जीरो एफआईआर,ई-एफआईआर व महिला एवं बाल संरक्षण का प्रावधान नये अपराध प्रोधौगिकी ओर फोरसिक के उपयोग से सम्बन्धित प्रावधान पीडित केन्द्रित प्रावधान आदि पर विद्यार्थियों ने बढ़ चढ़कर के भागीदारी दर्ज कराई साथ ही विद्यार्थियों ने कहा कि यह अनुभव भविष्य में हमारे लिए लाभप्रद रहेगा।

## मामूली विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच हुई जमकर मारपीट

**कांधला।** थाना क्षेत्र के गांव इस्लामपुर घसौली में मामूली कहासुनी के बाद दो पक्षों में खूनी संघर्ष हो गया। संघर्ष के दौरान दोनों पक्षों के दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों पक्षों ने डॉक्टरी परीक्षण कराने के बाद एक दूसरे के खिलाफ थाने पर तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। थाना क्षेत्र के गांव इस्लामपुर घसौली निवासी दिलशाद और सद्दाम पक्ष के बीच किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई थी। उस वक्त तो मौके पर मौजूद लोगों ने दोनों पक्षों को समझा बुझाकर शांत कर दिया था। शनिवार को दोनों पक्ष एक बार फिर हाथों में लाठी डंडे और धारदार हथियार लेकर आमने सामने आ गए। दोनों पक्षों के बीच जमकर खूनी संघर्ष हुआ। दोनों पक्षों के बीच हुए खूनी संघर्ष में दिलशाद पक्ष से हारून और दूसरे पक्ष से सद्दाम घायल हो गया। घायलों को उपचार के लिए सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया।

## दुधवा की अव्यवस्थाओं पर सपा का तीखा हमला

# रेहान खान बोले-सरकार बनी तो खत्म होगी पार्क एंट्री फीस

**वेलकम इंडिया/मोहम्मद असलम**




**लखीमपुर खीरी।** दुधवा नेशनल पार्क में अव्यवस्थाओं को लेकर समाजवादी पार्टी ने प्रदेश सरकार पर तीखा हमला बोला है। सपा प्रदेश सचिव रेहान खान ने कहा कि दुधवा आने वाले पर्यटक मायूस होकर लौट रहे हैं, क्योंकि पार्क में रुकने और घूमने की सुविधाएं बेहद खराब हैं।रेहान खान ने कहा कि समाजवादी पार्टी की सरकार के समय करीब 6 करोड़ रुपये की लागत से हट और सड़कों की बेहतरीन व्यवस्थाएं कराई गई थीं, लेकिन मौजूदा भाजपा सरकार ने उन व्यवस्थाओं को पूरी तरह उपेक्षित कर दिया।

उन्होंने आरोप लगाया कि पार्क की एंट्री फीस और सफारी शुल्क बढ़ाकर पर्यटन को खत्म करने की साजिश रची जा रही है।रेहान खान ने कहा, अगर वर्ष 2027 में समाजवादी पार्टी की सरकार बनती है, तो दुधवा नेशनल पार्क की एंट्री फीस पूरी तरह समाप्त की जाएगी और पार्क की सभी व्यवस्थाओं को पहले से कहीं बेहतर बनाया जाएगा।

उन्होंने कहा कि पिछले नौ वर्षों में भाजपा सरकार ने पर्यटन उद्योग को कमजोर करने का काम किया है, जिससे स्थानीय लोगों के रोजगार पर भी विपरीत असर पड़ा है।उधर, आज ही दुधवा नेशनल पार्क के नए सत्र 2025-26 का शुभारंभ वन मंत्री डॉ. अरुण सक्सेना ने फीता काटकर किया। इस मौके पर डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल, वन विभाग और पार्क प्रशासन के अधिकारी मौजूद रहे। पार्क प्रशासन का कहना है कि इस सत्र में पर्यटकों की सुविधा और सुरक्षा के लिए नई व्यवस्थाएं लागू की गई हैं।

# डीएपी नहीं मिलने के कारण किसानों में भारी रोष

**वेलकम इंडिया**




**कांधला। (मोहसिन रहमानी)** नगर एवं क्षेत्र के इपको केंद्रों पर डीएपी नहीं मिलने पर किसानों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है किसानों ने प्रदेश सरकार को पत्र भेज कर डीएपी उपलब्ध कराए जाने की मांग की है। नगर एवं क्षेत्र के किसान इन दिनों गेहूं की बुवाई करने में लगें हुए हैं किसानों को गेहूं की बुवाई करने में डीएपी की जरूरत पड़ रही है। नगर सहित क्षेत्र में लगभग आधा दर्जन से अधिक इपको केंद्र खूले हुए हैं जिन पर डीएपी नहीं मिल रही है।

किसानों को डीएपी नहीं मिलने के कारण उन्हें भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। नगर एवं क्षेत्र के किसान इन दोनों हरियाणा राज्य से डीएपी मंगा कर अपने खेतों की बुवाई कर रहे हैं। इलम सिंह,वीरेंद्र सिंह, राजेश, निर्देश, आशीष, रामपाल, रामकुमार ,वाजिद, उमरदीन, तैय्यब,साजिद, सज्जाद, शाहिद, आदि लोगों ने बताया कि प्रदेश सरकार किसानों के लिए तरह-तरह के वादे करती है मगर वादों पर खरा नहीं उतर रही है।

किसान केंद्रों पर डीएपी नहीं मिलने के कारण उन्हें खेतों में गेहूं की बुवाई करने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। शनिवार को किसानों ने प्रदेश सरकार को पत्र भेज कर इपको केंद्रों पर डीएपी उपलब्ध कराए जाने की मांग की है।

# पुलिस की तत्परता से टली चोरी की बड़ी घटना

**कांधला। (मोहसिन रहमानी)** थाना क्षेत्र के गांव सुन्ना में चोरों के द्वारा हाई टेंशन लाइन के तार को काटकर बंडल बनाया गया था। इसी बीच गस्त करती हुई पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस को आता देख चोर कटे हुए तार को मौके पर ही छोड़कर फरार हो गए। पुलिस ने घंटे चोरों की तलाश में कांबिंग की, लेकिन चोरों का कोई सुराग नहीं लग सका।

थाना क्षेत्र के गांव सुन्ना में पुलिस के द्वारा लगातार किए जा रहे गस्त के चलते चोरी की बड़ी घटना होने से बच गई। पुलिस मौके पर न पहुंचती तो चोर लगभग लाखों रुपए का हाई टेंशन लाइन का तार चोरी कर फरार हो जाते। गांव सुन्ना निवासी किसान चौधरी रूपेंद्र के खेत गांव के बाईपास के निकट स्थित है। खेत के ऊपर से हाई टेंशन लाइन गुजर रही है। शुक्रवार की रात में चोरों ने हाई टेंशन लाइन का लगभग 100 मीटर तार काटकर बंडल बना रखा था। चोर दूसरी लाइन को काटने की तैयारी कर रहे थे। इसी बीच थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार पुलिस बल के साथ गस्त करते हुए जैसे ही मौके पर पहुंचे तो पुलिस की गाड़ी को आता देख चोर जंगल के रास्ते फरार हो गए। पुलिस को हाई टेंशन लाइन के तार की चोरी का आभास हुआ तो पुलिस ने घंटे तक चोरों की तलाश में जंगल में कांबिंग की, लेकिन चोरों का कोई सुराग नहीं लग सका।

# बेमौसम बारिश से बरबाद किसानों को योगी सरकार का मरहम

**विजय द्विवेदी वेलकम इन्डिया**



**प्रतापगढ़।** मोन्था चक्रवाती तूफान के असर के चलते पिछले दो दिनों में पूर्वांचल समेत यूपी के कई जिलों में तेज हवाओं के साथ बारिश हुई है. जिसने किसानों की खेत में खड़ी फसल को बर्बाद कर दिया। किसान जिन्होने अपनी फसल हार्वेस्टर से काट दाना निकाल लिया था उसे एक जगह जमा करना पडा ।क्योंकि चार दिन की बारिश मे धूप न दिखी जिससे किसान फसल को सूखने का इन्तजाम न कर सके और फसल काली पड गयी जिसे देख किसान की आखो मे आसू है ।तो वही जिन किसानो ने हाथ से फसल काटी वो उसे खेत से निकाल न पाये ।जिससे बारिश से कटी फसल भीग कर बरबाद हो गयी । अपनी फसल की यह बरबादी देख भी किसान आखो मे आंसू भरे कराह रहा है ।तो वही जिन किसानो ने सरसो को बुआई कर दी थी लगातार बारिश ने उसे उगने से पहले ही खेत मे मिटा दिया तो वही आलू किसान भी जिन्होने अगैती खेती की उसे भी इस बरसात ने बरबादी के आंसू दिए।

किसानो की इस दुर्दशा को सी एम योगी ने शायद महसूस किया और शायद इसीलिए सीएम योगी ने सभी जिलों के डीएम को निर्देश दिये हैं कि वे अपने अपने क्षेत्रों में बेमौसम बारिश से किसानों को हुए नुकसान का आंकलन करने और राहत कार्य चलाने का निर्देश दिया? सीएम योगी ने किसानों की बर्बाद हुई फसल का सर्वे कर नुकसान की रिपोर्ट तैयार करने के लिए कहा है। यह रिपोर्ट शासन को सौंपी जाएगी ताकि किसानों को मुआवजा दिया जा सके।.सीएम योगी ने निर्देश दिया है कि प्रभावितों को तुरंत राहत राशि प्रदान की जाए। सीएम योगी ने कहा है कि बेमौसम बारिश से प्रभावित हुए किसानों को सरकार की तरफ से मुआवजा दिया जाएगा।

लगातार हो रही रिमझिम बारिश ने किसानों की मेहनत को बर्बाद कर दिया. कई इलाकों में खेतों में पानी भर जाने से धान, मक्का, सब्जियों जैसी फसलें बर्बाद हो रही हैं. रात दिन कड़ी मेहनत कर फसल तैयार करने वाले किसान अब बारिश से अपनी फसलों को बचाने में जुटे हैं. प्रभावित किसानों ने सरकार से मुआवजे की मांग की है. प्रतापगढ़ में पिछले 48 घंटे से लगातार रुक रुक कर बारिश हुई है ।

# मोदी शुगर मिल में गन्ना पेराई सत्र का हुआ शुभारंभ

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर (अनिल वशिष्ठ)।** मोदी शुगर मिल्स द्वारा गन्ना पेराई सत्र 2025-26 का शुभारम्भ पूरे हर्ष उल्लास व मंत्रोचारण एवं हवन का आयोजन किया गया। तत्पश्चात प्रातः 11.00 बजे केन कैरियर में डॉ मंजू शिवाच, विधायक, मोदीनगर एवं मिल प्रबन्धकगण तथा क्षेत्र के गणमान्य एवं अन्य जनप्रतिनिधि द्वारा द्वारा गन्ना डालकर शुभारम्भ किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार मांदड ने अपने शुभकामना सन्देश में डी०डी० कौशिक महाप्रबंधक एवं वेदपाल सिंह मलिक उपाध्यक्ष को अपनी शुभकामनाएं देते हुए कहा कि मुझे यह जानकर हर्ष हुआ है कि मोदी शुगर मिल्स मोदीनगर जनपद में एक मात्र शुगर मिल है ।मोदी शुगर मिल में गन्ना पेराई सत्र 2025-26 का शुभारम्भ 1 नवंबर को हो रहा है जा रहा है । मोदी शुगर मिल के प्रबन्धन एवं जनपद गाजियाबाद के तथा अन्य जनपदों के समस्त किसान जो अपने गन्ने की आपूर्ति मोदी शुगर मिल्स में करते हैं, को हार्दिक बंधाई देता हूँ तथा उनके आशा करता हूँ कि वे अपनी पूर्ण क्षमता एवं मेहनत से शासन प्रशासन द्वारा समस्त निदेर्शों का पालन करेंगें जो शुगर मिल एवं गन्ना किसानों के हित में होगा।विधायक डॉ मंजु शिवाच द्वारा मिल गेट पर प्रथम ट्रैक्टर ट्रॉली से गन्ना आपूर्ति करने वाले कृषक कौशल कुमार निवासी सीकरी कलों को सम्मानित किया गया एवं राजन चौधरी चेयरमैन गन्ना समिति, मोदीनगर द्वारा द्वितीय पुरूस्कार रामवीर सिंह निवासी ग्राम सीकरी को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर अनोपचारिक बातचीत में डॉ मंजु शिवाच एवं राजन चौधरी तथा बिजेन्द्र सिंह अध्यक्ष किसान यूनियन ने उमेश कुमार मोदी द्वारा दीपावली के पर्व पर अपने निजी संसाधनों से 25 करोड रूपया किसानों को गन्ना मूल्य में अदा किया। जिसका उन्होंने कुछ दिन पूर्व वादा किया था अर्थात उन्होने अपना वादा पूरा किया था।इसके लिए उन्होने सेठ उमेश कुमार मोदी का आभार व्यक्त किया। वेदपाल सिंह मलिक ने अवगत कराया कि पेराई सत्र 2025-26 में चीनी मिल द्वारा 95 लाख कुन्टल पेराई का लक्ष्य रखा तथा किसानों से अनुरोध किया कि चीनी मिल में साफ सुथरा अगोला रहित ताजा गन्ने की आपूर्ति करें। सट्टे से अधिक गन्ना जिन कृषकों के पास उपलब्ध है उसके लिए मिल अतिरिक्त सट्टा कराकर पेराई करने में सक्षम है। अतः किसान भाई अपना गन्ना कोल्हू पर खुर्द बुर्द ना करें। इस अवसर पर मिल के चीफ एक्जीक्यूटिव, एन०पी० बंसल, वेदपाल सिंह मलिक उपाध्यक्ष, आर०पी० सिंह वाईस प्रेसीडेन्ट (टैक्नी०), डी०डी० कौशिक महाप्रबन्धक (पी०आर०), राहुल त्यागी महाप्रबन्धक (गन्ना), सुरेश शर्मा उप महाप्रबन्धक (काम०), महेशचन्द त्यागी पर्सनल मैनेजर, शेखर शर्मा एवं नवल किशोर गुप्ता एवं नेपाल सिंह, सतपाल तेवतिया, राजकुमार नेहरा, ओमपालसिंह, जय मलिक, रामौतार त्यागी सरना, कृष्णपाल दुहाई, विनोद काजमपुर, पप्पू, डब्बु, बिन्दर खंजरपुर, दीपक त्यागी खिमावती एवं मांगेराम ढिढार आदि उपस्थित रहे।

# राजकीय हाई स्कूल नूरपुर में करियर मेले का भव्य आयोजन

वेलकम इंडिया




**मोदीनगर (अनिल वशिष्ठ)।** राजकीय हाई स्कूल नूरपुर मुरादनगर में करियर मेले का भव्य आयोजन किया गया जिसका शुभारंभ चेयरमैन अमरजीत सिंह बिड्डी ने फीता काटकर किया । इस अवसर पर सर्वप्रथम सरस्वती पूजन, वंदन और दीप प्रज्ज्वलन के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ और उसके पश्चात स्वागत गान के साथ अतिथियों का स्वागत किया गया । कार्यक्रम के प्रमुख अतिथियों में श्री अमरजीत सिंह बिड्डी प्रदेश अध्यक्ष सहकारिता प्रकोष्ठ राष्ट्रीय लोक दल, श्री बी एल बत्रा (एडवोकेट एवं अध्यक्ष अमित्र फाउंडेशन), श्री पवन कुमार भाटी (जिला समन्वयक) श्री विकास बघेल (सहायक वित्त लेखाधिकारी) विजयपाल जी (पुलिस ऑफिसर), ओ एस गौतम (बैंकर), डॉ० गौरन्वी सिंह (डॉक्टर), श्रीमती पूजा (नर्स), प्रभाकर (इंजीनियर), श्रीमती सीमा चौधरी (पुलिस ऑफिसर) और नाहल गाँव के पूर्व प्रधान इदरीश उपस्थित रहे। सभी गणमान्य अतिथियों ने विद्यार्थियों द्वारा लगाए गए स्टॉलों का भ्रमण किया, उनकी प्रशंसा की।

कार्यक्रम का भरपूर आनंद लिया और सेल्फी पॉइंट पर सेल्फी भी ली गयी। अतिथियों को स्मृति चिन्ह स्वरूप पौधे भेंट किए गए।

# चित्रांशी महिला संगठन वाराणसी की महिलाओं ने आंवला के पेड़ के नीचे किया पूजा अर्चना




(संतोष कुमार सिंह)

**वाराणसी :-** चित्रांशी महिला संगठन वाराणसी द्वारा आंवला नवमी व हेल्थ चेकअप का प्रोग्राम शिवपुर के अष्टभुजा मंदिर में रखा गया जिसमें महिलाओं ने आंवला के पेड़ के नीचे पूजा अर्चना कियो संगठन की महिलाओं ने कहा की वैदिक परंपरा है हम भारतीय प्रकृति की भी पूजा अर्चना करते हैं जिससे हमको जीवन दायिनी चीजें मिलती रहती हैं सभी महिलाओं ने अपना निशुल्क हेल्थ चेकअप कराया ये एक सराहनीय कार्य रहा और सभी महिलाओं ने खाने का भी आनंद उठाया, भजन, कीर्तन, अंताक्षरी आदि कार्यक्रम के साथ-साथ खूब मस्ती भी किया आज मौसम भी खुशनुमा रहा अंजू श्रीवास्तव सामाजिक कार्यकर्ता भी संरक्षक के रूप में रही कार्यक्रम की अध्यक्षता रंजना श्रीवास्तव के द्वारा किया गयो उक्त अवसर पर संगठन की अध्यक्ष रंजना श्रीवास्तव, सचिव वंदना श्रीवास्तव, कोषाध्यक्ष रीती श्रीवास्तव, मीडिया प्रभारी रंजना श्रीवास्तव सहित सैकड़ो की संख्या में संगठन की महिलाएं शामिल रही

# जन समस्या के समाधान के लिए कांग्रेस कार्यकताओं ने दिया धरना, ज्ञापन सौंपा

वेलकम इंडिया




**मोदीनगर (अनिल वशिष्ठ)।** शहर कांग्रेस कमेटी मोदीनगर के तत्वाधान में शहर अध्यक्ष बृजेश कुमार सेन की अध्यक्षता में सुनील शर्मा सदस्य उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के नेतृत्व मे कांग्रेस के सैकड़ों कार्यकताओं ने तहसील दिवस के मौके पर तहसील के मीटिंग हॉल में जन समस्या के समाधान के लिए धरना दिया।

वरिष्ठ नेता सुनील शर्मा एवं शहर अध्यक्ष बृजेश सेन ने बताया कि मोदीनगर लाइन पार, भूपेंद्र पुरी, कृष्ण कुंज, चुनाभट्टी, नंद नगरी, इंद्रपुरी, नवाब बिहार आदि कॉलोनी का पानी गांव सीकरी खुर्द के नाले में पानी डालने हेतु नगर पालिका द्वारा नाला बनाया जा रहा था। परंतु रास्ते में अवैध कॉलोनी बनाई जा रही है। जिस कारण जी डी ए बिजली विभाग की मिली भगत से नाले का निर्माण रोक दिया गया।। बिजली विभाग अपनी लाइन हटने को तैयार नहीं है। प्राचीन सीकरी माता मंदिर में दर्शन हेतु जाने वाले हजारों लोगों के आवागमन का रास्ता बंद हो चुका है। लोगों के घरों में पानी भर जाने से जनता परेशान है। नाला न बनने की वजह से मुख्य मार्ग गंदे पानी से भरा पड़ा है कई बार प्रशासन और नगर पालिका को भी अवगत करा गया। परंतु इस विषय में कोई ठोस कार्यवाही नहीं हुई है मोदीनगर तिबडा रोड फाटक पर अतिक्रमण और पुलिस की लापरवाही के कारण आए दिन कई कई घंटे जाम लगता है उपरोक्त मार्ग पर दर्जन भर गांव से ज्यादा और दो दर्जन से ज्यादा कॉलोनी का आवागमन है। एक बार फाटक लगने के कारण अतिक्रमण होने के कारण तीन-तीन घंटे तक जाम लगा रहता रेलवे पुलिस की यातायात पुलिस की नागरिक पुलिस की वहां कोई व्यवस्था नहीं है। आपसे जनहित में यह मांग है इस धरना प्रदर्शन के माध्यम से तिबडा रोड फाटक को अभिलंब जाम से मुक्त कराया जाए सिकरी माता मंदिर के रास्ते पर अर्ध निर्मित नाले का निर्माण अभिलंब कराया जाए।

इस मौके पर मुख्य रूप से चांद वीर चौधरी, अभिनव शर्मा, विशाल कौशिक, वकील अहमद, अब्दुल कादिर त्यागी, अश्वनी शर्मा, रियासत अली, जहूर अहमद, समसा खान सहित सैकड़ों की संख्या में महिला और पुरुष उपस्थित रहे।

# छह वाहन चोर गिरफ्तार, चोरी की पांच बाइक बरामद




वेलकम इंडिया

**मोदीनगर (अनिल वशिष्ठ)।** कोतवाली पुलिस ने छह आरोपियों को पकड़कर चोरी की पांच बाइक बरामद की है। पकड़े आरोपियों का एक आरोपी अभी फरार है। जिसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीम लगी है। कोतवाली पुलिस ने पांच नाबालिग सहित छह वाहन चोरों को गिरफ्तार किया है। एसीपी मोदीनगर अमित सक्सेना ने बताया कि पकड़े गए नाबालिग वाहन चोर कोतवाली क्षेत्र की विभिन्न कॉलोनियों के रहने वाले है। पांचों नौ और 10वीं के छात्र है। आरोपी वर्ष 2023 से वाहन चोरी कर रहे है। पहली वारदात आरोपियों ने मुरादनगर थाना क्षेत्र में की। बाइक चोरी करने के बाद उसे बेच दी। खास बात यह है कि एक बाइक एक बाद एक को बिकती रही और बाद में इन्हीं चोरों ने दोबारा से बाइक को चोरी कर बेच दिया।

# गंगा स्नान के मेले को लेकर जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने लिया जायजा



वेलकम इंडिया महमूद रजा

**जनपद बिजनौर मंडावर।** शनिवार दोपहर को बालावाली चौकी के अंतर्गत लगने वाले गंगा स्नान के मेले की तैयारियो को लेकर जिलाधिकारी जसजीत कोर और पुलिस अधीक्षक अभिषेक झा ने आगामी गंगा स्नान मेले के लिए सुरक्षा व्यवस्था और तैयारियों का निरीक्षण किया। दोनों अधिकारियों ने संबंधित विभागीय अफसर को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए हैं ।ताकि मेले में श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुविधा सुनिश्चित की जा सके ।इस निरीक्षण के दौरान, उन्होंने घाटों पर साफ-सफाई, सुरक्षा प्रबंध, प्रकाश व्यवस्था, यातायात प्रबंधन, पार्किंग स्थलों, स्वास्थ्य शिविरों और पेयजल की व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने विभागीय अफसरो को निर्देश दिए कि सुरक्षा व्यवस्था, श्रद्धालुओं की सुविधा और कानून-व्यवस्था को सर्वोच्च प्राथमिकता पर रखा जाए। मौके पर मडावर थाना अध्यक्ष सुमित राठी अपनी पुलिस फोर्स के साथ मौजूद रहे।

# विभिन्न स्कूलों के छात्र-छात्राओं को गर्म वस्त्र वितरित किए गए



वेलकम इंडिया

**मोदीनगर (अनिल वशिष्ठ)।** डॉ के एन मोदी फाउंडेशन द्वारा संचालित विभिन्न स्कूलों के छात्र-छात्राओं को गर्म वस्त्र वितरित किए गए। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी डॉक्टर के एन मोदी फाऊंडेशन द्वारा संचालित रूकमणि मोदी महिला इंटर कॉलेज रुक्मणी प्राइमरी स्कूल महेश मार्ग प्रमिला देवी विद्यालय हरमुखपुरी गायत्री देवी जूनियर हाई स्कूल के अलावा विभिन्न स्कूलों के छात्र-छात्राओं को फेडरेशन अध्यक्ष प्रोफेसर डॉक्टर डीके मोदी वह वह अन्य स्कूल की शिक्षा कहां है ।प्रधानाचार्य द्वारा बच्चों को गर्म वस्त्र वितरित किए गए। इस अवसर पर डॉक्टर डी के मोदी ने कहा कि गरीब एवं बेसहारा बच्चों को शिक्षा के साथ-साथ उनके स्वास्थ्य एवं मूलभूत सुविधाओं का ख्याल रखना फाउंडेशन के उद्देश्यों में शामिल है के तहत प्रतिवर्ष बच्चों को पुस्तकों के साथ-साथ गर्म वस्त्र भी किए जाते हैं गर्म वस्त्र वितरण के दौरान हरिओम शर्मा प्रेरणा वर्मा सपना खुराना कविता रानी बबीता रानी सुलोचना दारा सिंह आदि मौजूद रहे।

# क्षेत्र के गन्ना किसानों में खुशी का माहौल, नया गन्ना क्रय केंद्र स्थापित

वेलकम इंडिया महमूद रजा



नांगल सोती उत्तम शुगर मिल बरकातपुर बिजनौर के पेराई सत्र 2024 - 25 में सैदपुरी अभिपुरा आदि गांवों का गन्ना तुलाई जालपुर क्रय केंद्र पर कि जाती थी। अलग क्रय केंद्र स्थापित करने के लिए पिछले साल भारतीय किसान यूनियन लोकशक्ति के जिलाध्यक्ष चौ. वीर सिंह सहरावत के नेतृत्व में क्षेत्रीय किसानों ने जालपुर सेंटर और अन्य क्रय केंद्रों के गन्ना ट्रांसपोर्ट को हाईवे पर रोककर धरना-प्रदर्शन शुरू कर दिया था। जिसके बाद धरना स्थल पर पहुंचे गन्ना जीएम विकास पुंडीर और नजीबाबाद गन्ना सचिव विजय कुमार ने डीसीओ बिजनौर से बात करके पिराई सत्र 2025 - 26 में क्षेत्र में एक नया क्रय केंद्र स्थापित करने का लिखित आश्वासन दिया था।भारतीय किसान यूनियन लोकशक्ति के प्रयास फलस्वरूप गन्ना सचिव नजीबाबाद और डीसीओ बिजनौर ने बरकातपुर शुगर मिल द्वारा अभिपुरा, सैदपुरी आदि के गन्ना किसानों के लिए सराय नहर और सैदपुरी के बीच नांगल बी के नाम से एक नया क्रय केंद्र स्थापित किया गया है भारतीय किसान यूनियन लोकशक्ति जिलाध्यक्ष चौ. वीर सिंह सहरावत के साथ पहुंच कर नवीन क्रय केंद्र पर क्षेत्रीय गन्ना किसानों ने एक दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी जाहिर की। मौके पर मुख्य रूप से जिलाध्यक्ष चौ. वीर सिंह सहरावत, मंडल प्रभारी जग्गन अली, जिला मिडिया प्रभारी डॉ. अरूण कुमार, शहजाद अली, नईम मुंशी जी, प्रितम सिंह, फुरकान अली, भूरे सिंह आकिव अली, सहित क्षेत्रीय गन्ना किसानों मौजूद रहे।

# नुक्कड़ नाटकः नए आपराधिक कानूनों पर जागरूकता अभियान

वेलकम इंडिया



जनपद बुलंदशहर जवाहर ज्योति इंटर कॉलेज अमरगढ़ में एक नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया, जिसका उद्देश्य भारत सरकार द्वारा हाल ही में लागू किए गए तीन नए आपराधिक कानूनों के बारे में जागरूकता फैलाना था। इस कार्यक्रम मे जवाहर इंटर कॉलेज के विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और नए कानूनों के बारे में अपने विचार और संदेश प्रस्तुत किए। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती के चरणों में दीप प्रज्वलित करके किया गया, जिसमें जहांगीराबाद, कोतवाली प्रभारी संजय कुमार कस्बा चौकी इंचार्ज दीपक चाहर अमरगढ़, चौकी इंचार्ज विशाल कुमार महिला उप निरीक्षक .. प्रधानाचार्य अखिलेश कुमार तिवारी ने संयुक्त रूप से भाग लिया।नुक्कड़ नाटक में विद्यार्थियों ने नए कानूनों की प्रमुख विशेषताओं और उनके नागरिक जीवन पर पड़ने वाले प्रभावों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इसमें जीरो एफआईआर का लागू होना, साठ दिन के अंदर आरोप पत्र, और फास्ट्रैक कोर्ट की स्थापना जैसे महत्वपूर्ण प्रावधानों को शामिल किया गया।इस कार्यक्रम के माध्यम से विद्यार्थियों ने आम आदमी को आसानी से न्याय मिल सके, इसके लिए सरकार द्वारा किए गए प्रयासों को उजागर किया। डिजिटल साक्ष्य को भी इसमें आधार बनाया गया, जिससे अब डिजिटल साक्ष्य भी प्रुफ के तौर पर प्रयोग किए जा सकते हैं। कार्यक्रम मे नए कानूनों की जानकारी दी और बच्चों की बहुत प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि ऐसे कार्यक्रम बच्चों में जागरूकता पैदा करते हैं और उन्हें समाज के प्रति जिम्मेदार बनाते हैं।इस अवसर पर, जहांगीराबाद, कोतवाली प्रभारी संजय कुमार कस्बा चौकी इंचार्ज दीपक चाहर अमरगढ़, चौकी इंचार्ज विशाल कुमार महिला उप निरीक्षक आदि मौजूद रहे।

# नजीबाबाद कार्यालय पर क्षेत्र के ज़िम्मेदार लोगों की अहम बैठक आयोजित

वेलकम इंडिया महमूद रजा



**नजीबाबाद।** मिशन 2027 को लेकर आज नजीबाबाद कार्यालय पर क्षेत्र के ज़िम्मेदार लोगों की अहम बैठक आयोजित हुई। बैठक में वक्ताओं ने कहा कि नगीना सांसद एवं आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) के राष्ट्रीय अध्यक्ष भाई चंद्रशेखर आजाद जी जिस तरह से लोकसभा में क्षेत्र के मुद्दे मजबूती से उठा रहे हैं और गरीबों, मजलूमों, दलितों, मुसलमानों व ओबीसी पर हो रहे जुल्म के खिलाफ संघर्ष कर रहे हैं, वह सराहनीय है। वक्ताओं ने कहा कि 2027 में सभी को एकजुट होकर भाई चंद्रशेखर आजाद जी के हाथों को मजबूत करना होगा। उन्होंने विश्वास जताया कि अगर पार्टी नजीबाबाद से खुर्शीद मंसूरी को चुनाव लड़ने का मौका देती है, तो जनता उन्हें विधानसभा तक पहुंचाने का काम करेगी ताकि क्षेत्र की आवाज बुलंद हो सके और विकास को नई दिशा मिले। इस मौके पर मौलाना अनवारुल हक, रईस अहमद, असलम, इरफान, प्रधान जोगीरामपुरा, नाज़िम, जाफर, रफीक, मुकीम, जमील, रहमान, कसम आदि मौजूद रहे।

# 1984 के सिख दंगों का दर्द आज भी जिंदा, न्याय की उम्मीद बनी

वेलकम इंडिया





**गाजियाबाद।** 1984 के सिख दंगों का दर्द आज भी सिख समाज के दिलों में ताजा है। कांग्रेस शासनकाल में जिस तरह सिख समुदाय पर अत्याचार हुआ, उसे समय ने भले ढक दिया हो, पर मिटा नहीं सका। गाजियाबाद में तीन दिन तक चले उस भीषण दंगे ने 29 परिवारों को हमेशा के लिए उजाड़ दिया था। घर जल गए, मासूम बच्चों के सिर से पिता का साया उठ गया, पर कांग्रेस सरकार ने पीड़ितों के जख्मों पर सिर्फ 25-25 हजार रुपये की आर्थिक मदद देकर औपचारिकता पूरी की। अल्पसंख्यक आयोग के पूर्व सदस्य सरदार एस.पी. सिंह ने कहा कि कांग्रेस ने सिख समाज के दर्द को कभी महसूस ही नहीं किया। उन्होंने कहा कि जिनके घर राख में बदल गए, जिनके अपनों को भीड़ ने जिंदा जला दिया, उन्हें कांग्रेस ने सिर्फ कुछ हजार रुपये देकर चुप कराने की कोशिश की। आज भी उन जख्मों का दर्द हमारे दिलों में ताजा है। 1984 के दंगों के दौरान गाजियाबाद भी आग की लपटों में घिरा हुआ था। तीन दिन तक लगातार हिंसा होती रही। नासिरपुर फाटक के पास एक पिता और पुत्र को गले में टायर डालकर जिंदा जला दिया गया था। शहर के कई हिस्सों में आगजनी और लूटपाट हुई। बाद में प्रशासन ने राहत कैंप लगाए और लोगों को सुरक्षा में रखा। दंगा शांत होने के कुछ दिनों बाद, 8 नवंबर को सिख समाज के लोग गुरुनानक जन्मोत्सव मनाने के लिए बजरिया गुरुद्वारा सिंह सभा में इक्ठा हुए। उसी सभा में दंगे में अपने पति और बेटे को खो चुकी बीबी हरनाम कौर बिलख रही थीं, जबकि मंच पर मौजूद अधिकारियों का सम्मान किया जा रहा था। उस समय महज 24 वर्ष के सरदार एस.पी. सिंह, जो खुद उस सभा में उपस्थित थे, ने जब यह दृश्य देखा तो विरोध में खड़े हो गए। उन्होंने कहा, 'आप उन अफसरों का सम्मान कर रहे हैं, जिनकी आंखों के सामने निर्दोष लोगों की हत्या हुई। उनके इस साहसिक विरोध के बाद कई अन्य युवा भी उनके साथ खड़े हो गए। स्थिति बिगड ? के डर से तत्कालीन डीएम सी.पी. सिंह और एसएसपी कार्यक्रम से चुपचाप निकल गए। इसके बाद पुलिस और सेना की टीमों को तैनात किया गया ताकि कोई नई अप्रिय स्थिति न बने। 17 अक्टूबर 2000 को सरदार एस.पी. सिंह उत्तर प्रदेश अल्पसंख्यक आयोग के सदस्य नामित किए गए। उनके प्रयासों से आयोग ने 1984 के दंगों से जुड़ी पूरी जानकारी राज्य सरकार से मांगी। 31 जनवरी 2001 को गृह विभाग ने सभी प्रभावित जिलों से रिपोर्ट मांगी। उस रिपोर्ट में सामने आया कि कानपुर में 2063 केस दर्ज हुए, जिनमें 130 की हत्या हुई थी, जबकि गाजियाबाद में 123 केस दर्ज हुए और 29 लोग मारे गए थे, जबकि अकेले दिल्ली में लगभग दो हजार से ज्यादा निर्दोष लोगों की हत्याएं हुई थी और सभी जगह पर लोगों के घरों में लूटपाट करके आगजनी की गई थी। इन आंकड़ों ने उस भयावहता को सामने रखा, जो कांग्रेस शासनकाल में घटित हुई थी। सरदार एस.पी. सिंह ने कहा कि कांग्रेस सरकार ने बाद में मुआवजे की राशि बढ़ाकर ढाई लाख रुपये कर दी, लेकिन जिन्होंने पहले 25 हजार रुपये ले लिए थे, उनके मुआवजे से वह राशि घटाकर दी गई। 'कांग्रेस ने न तो कागजों में और न ही हकीकत में कोई इंसाफ जमीन पर दिया।


# गाजियाबाद की हवा हुई बद से बदतर, एक्यूंआई 121 अंक बढ़कर हुआ 337



वेलकम इंडिया

**इंद्रेश शर्मा, गाजियाबाद ।** गाजियाबाद की हवा भी हुई जहरीली ।गाजियाबाद में एक्यूआई 121 अंक बढ़कर 337 तक पहुंच गया है। कौशांबी डिपो पर पानी छिड़काव से धूल कम हुई तो वहीं लोग ग्रेप के नियमों का उल्लंघन कर रहे हैं। हवा की रफ्तार से शुक्रवार को जहां वायु गुणवत्ता में सुधार हुआ। वहीं हवा के थमते ही चौबीस घंटे के अंतराल में एक्यूआई में 121 अंक की बढ़ोतरी के साथ शहर की हवा फिर से जहरीली हो गई। शनिवार को जनपद का एक्यूआई 298 दर्ज किया गया। वसुंधरा और लोनी की हवा अत्यधिक खराब रही। दोनों स्टेशनों का एक्यूआई 337 दर्ज किया गया। हवा के भरोसे वायु गुणवत्ता सुधार के इंतजार में बैठे अधिकारी खुलेआम सड़कों पर ग्रैप के नियमों की उड़ाई जा रही धज्जियों से अनजान हैं। शुक्रवार को वसुंधरा सेक्टर-11 में नगर निगम द्वारा ही तारकोल जलाकर सड़क निर्माण कराया जा रहा था। इसकी शिकायत लोगों ने सोशल मीडिया पर की थी। डिपो पर बसों के संचालन से उड़ने वाली धूल और मिट्टी के कणों से राहत दिलाने के लिए नगर निगम की ओर से शनिवार को पानी का छिड़काव कराया गया। एआरएम अंशुल भटनागर ने बताया कि डिपो पर धूल की वजह से यात्रियों को काफी परेशानी होती थी। इसकी शिकायत नगर निगम से की गई थी। इसके बाद निगम अधिकारियों ने शनिवार को यहां पानी का छिड़काव कराया। इससे यात्रियों को राहत मिली।

# राष्ट्रीय लोकदल केंद्रीय कार्यालय द्वारा अर्बन बॉडी संगठन प्रभारी समिति की घोषणा की जो निम्न प्रकार है :इंद्रजीत सिंह टीटू








वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** सम्मानित बंधु मेरे नेता राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष केंद्र सरकार के स्वतंत्र भारत मंत्री चौधरी जयंत सिंह जी का दिल की गहराइयों से मैं किन शब्दों में आभार प्रकट करूं। पूरे उत्तर प्रदेश में केवल पांच सम्मानित लोगों को बहुत बड़ी जिम्मेदारी संगठन के लिए दी गई है उन पांच में गाजियाबाद को सम्मान देते हुए मुझे चिन्हित किया गया है। मैं अपने मंत्री जी को राष्ट्रीय अध्यक्ष जी को पूर्ण विश्वास दिलाता हूं जो उन्होंने मेरे पर भरोसा दिखाया है मैं हर संभव प्रयास करके दिन-रात मेहनत करके बाकी सभी अपने सहयोगी सम्मानित साथियों के साथ अपनी जिम्मेदारी को निष्ठा और ईमानदारी से निभाने का कार्य करूंगा। बहुत-बहुत अब हर माननीय मंत्री जी का राष्ट्रीय अध्यक्ष जी का

# एचआईएमटी को 'कैरियर तत्परता और उद्योग सहयोग' श्रेणी में राष्ट्रीय सम्मान

**एनसीआर।** उच्च शिक्षा के क्षेत्र में निरंतर उत्कृष्टता का प्रतीक एच.आई.एम.टी. समूह संस्थान, ग्रेटर नोएडा को 'आई.आई.आर.एफ. (भारतीय संस्थागत अनुसंधान केंद्र) द्वारा 'कैरियर तत्परता और उद्योग सहयोग श्रेणी में उत्कृष्ट प्रदर्शन हेतु राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित किया गया। यह सम्मान एच.आई.एम.टी. संस्थान की उन निरंतर कोशिशों का परिणाम है, जो विद्यार्थियों के कैरियर निर्माण, उद्योगों के साथ सशक्त सहयोग और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को नई ऊँचाइयाँ प्रदान करने के लिए की जा रही हैं। यह प्रतिष्ठित पुरस्कार नई दिल्ली स्थित होटल ले मेरिडियन में आयोजित एक भव्य समारोह में प्रदान किया गया। इस अवसर पर संस्थान के सचिव श्री अनिल कुमार बंसल तथा कार्यकारी निदेशक डॉ. विक्रांत चौधरी ने एच.आई.एम.टी. परिवार की ओर से यह सम्मान ग्रहण किया।

# लोगो की सुरक्षा और ट्रैफिक माह को पूर्ण रूप से सुरक्षित बनाना नोएडा पुलिस का लक्ष्य : राजीव नारायण मिश्रा

इंद्रेश शर्मा, गौतमबुधनगर



जिला गौतमबुद्धनगर पुलिस कमिश्नरेट की तरफ से नवंबर माह को इस बार ट्रैफिक माह के रूप में मनाया जा रहा है। अभियान की औपचारिक शुरूआत एडिशनल कमिश्नर राजीव नारायण मिश्रा ने की। अभियान का उद्देश्य आम नागरिकों को सड़क सुरक्षा, ट्रैफिक नियमों के पालन और दुर्घटनाओं की रोकथाम के प्रति जागरूक करना है। राजीव नारायण मिश्रा ने बताया कि ट्रैफिक माह की शुरूआत की गई है। इस अवसर पर आज पुलिस अधिकारियों के लिए एक वर्कशॉप का आयोजन किया गया, साथ ही एक रैली और ट्रैफिक जागरूकता प्रदर्शनी का भी शुभारंभ किया गया है। पूरे महीने के दौरान विभिन्न जन-जागरूकता अभियान चलाए जाएंगे, हालांकि हमारी यह पहल सालभर चलती रहती है। सड़क सुरक्षा पर विशेष जोर अभियान के तहत ट्रैफिक पुलिस और जिला प्रशासन मिलकर स्कूलों, कॉलेजों, औद्योगिक क्षेत्रों और बाजारों में सड़क सुरक्षा कार्यशालाएं और नुक्कड़ नाटक आयोजित करेंगे। नागरिकों को हेलमेट पहनने, सीट बेल्ट लगाने, मोबाइल फोन का प्रयोग न करने और शराब पीकर वाहन न चलाने जैसी बुनियादी सावधानियों के प्रति जागरूक किया जाएगा। राजीव मिश्रा ने कहा कि हम चाहते हैं कि हर व्यक्ति ट्रैफिक नियमों का पालन करे और खुद के साथ दूसरों की जान भी सुरक्षित रखे। यह अभियान केवल जुमार्ना लगाने के लिए नहीं, बल्कि नागरिकों में सुरक्षा की संस्कृति विकसित करने के लिए है। नोएडा पुलिस की पहल पर सेक्टर 62 स्थित पुलिस कार्यालय से जागरूकता रैली निकाली गई, जिसमें सैकड़ों स्कूली छात्र, एनसीसी कैडेट्स और सामाजिक संगठनों के सदस्य शामिल हुए। रैली में सभी प्रतिभागियों ने सड़क सुरक्षा झ्र जीवन रक्षा और ट्रैफिक नियमों का पालन करें, सुरक्षित जीवन अपनाएं जैसे नारे लगाए। इसके अलावा, ट्रैफिक पार्क में एक ट्रैफिक एक्सपो भी लगाया गया है, जिसमें आम नागरिकों को सिग्नल सिस्टम, सड़क संकेतों और आपातकालीन सेवाओं के बारे में जानकारी दी जा रही है। बच्चों के लिए विशेष रोड सेफ्टी गेम्स जोन भी बनाया गया है, जिससे उन्हें मनोरंजक तरीके से यातायात के नियम समझाए जा सकें। संयुक्त पुलिस आयुक्त मिश्रा ने बताया कि नोएडा में सड़क सुरक्षा को लेकर कई तकनीकी सुधार किए जा रहे हैं। अक आधारित ट्रैफिक कैमरे, ऑटोमेटेड चालान सिस्टम और स्मार्ट सिग्नलिंग नेटवर्क से ट्रैफिक व्यवस्था को और बेहतर किया जाएगा। उन्होंने कहा कि लोगों को केवल जागरूक करने से ही काम नहीं चलेगा, कानून का सख्ती से पालन भी जरूरी है। इसलिए, जो लोग नियम तोड़ेंगे उनके खिलाफ कार्रवाई भी की जाएगी। अभियान ट्रक और ऑटो ड्राइवरों के लिए सड़क सुरक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम लोगों से सहयोग की अपील पुलिस अधिकारियों ने कहा कि सड़क सुरक्षा तभी संभव है जब आम नागरिक इसमें सक्रिय भागीदारी निभाएं। एडिशनल कमिश्नर मिश्रा ने कहा, अगर हर व्यक्ति अपनी जिम्मेदारी समझे, तो सड़क हादसों को काफी हद तक कम किया जा सकता है। हम सभी को एक जिम्मेदार नागरिक के रूप में इस मुहिम में शामिल होना चाहिए।

# ग्राम पंचायतों में स्वच्छता के नए अभियान की शुरूआत

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** केंद्र एवं राज्य सरकार के स्वच्छ भारत अभियान के तहत अब जिले की प्रत्येक ग्राम पंचायत में घर-घर से कूड़ा उठाने की योजना लागू की जाएगी। इस योजना का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छता को बढ़ावा देना और कचरे का उचित निस्तारण सुनिश्चित करना है। ग्राम पंचायतों में कूड़ा उठाने के लिए यूजर चार्ज लागू किया जाएगा, जो नगर निगम की तरह ही प्रत्येक घर से लिया जाएगा। जिला पंचायत राज अधिकारी जाहिद हुसैन ने बताया कि जिले की सभी ग्राम पंचायतों में सर्वेक्षण किया गया। सर्वेक्षण के दौरान यह पाया गया कि गंदगी का मुख्य कारण खाली जमीन और सड़क किनारे कूड़ा फेंकना है। इसका समाधान यह है कि हर घर से कचरा उठाया जाए, जिससे ग्रामीण अपने कचरे को खुले में न फेंकें और ग्राम पंचायत में स्वच्छ वातावरण बना रहे। कुछ ग्राम पंचायतों में यह व्यवस्था पहले से शुरू की जा चुकी है और उसका परिणाम सफल रहा है। अब जिला प्रशासन की योजना है कि सभी ग्राम पंचायतों में यह मॉडल लागू किया जाएगा। योजना के तहत ग्राम पंचायत की समिति तय करेगी कि किस घर से कितना यूजर चार्ज लिया जाएगा और उसकी राशि का उपयोग कूड़ा उठाने, वाहनों की खरीद और कर्मचारियों के वेतन के भुगतान में किया जाएगा।

# बीएस 3 और उससे नीचे के कॉमर्शियल वाहनों पर दिल्ली जाने पर रोक : आरटीओ सिया राम वर्मा

वेलकम इंडिया



इंद्रेश शर्मा, गाजियाबाद संभागीय परिवहन अधिकारी सिया राम वर्मा ने बताया राजधानी दिल्ली में बढ़ते वायु प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए आयोग (सीएक्यूएम) के निर्देश पर आज से बीएस-3 और उससे नीचे की श्रेणी के सभी कमर्शियल वाहनों के प्रवेश पर रोक लागू हो गई है। इसके चलते नोएडा समेत दिल्ली से सटे इलाकों में पंजीकृत हजारों वाहन प्रभावित होंगे। अनुमान है कि करीब सवा एक लाख से अधिक कमर्शियल वाहन अब दिल्ली में प्रवेश नहीं कर सकेंगे। परिवहन विभाग ने इस रोक को सख्ती से लागू करने के लिए व्यापक तैयारी की है। विभाग की चार टीमें और ट्रैफिक पुलिस की एक दर्जन से अधिक टीमें दिल्ली-नोएडा बॉर्डर, खासकर डीएनडी, चिल्ला और कालिंदी कुंज मार्ग पर तैनात रहेंगी। इन टीमों का काम बिना अनुमति वाले वाहनों की जांच करना और बीएस-3 या उससे कम श्रेणी के वाहनों को रोकना रहेगा। अधिकारियों का कहना है कि यह कदम वायु गुणवत्ता सूचकांक (अदक) के लगातार खराब होते स्तर को देखते हुए उठाया गया है। बीते कुछ दिनों से नोएडा और दिल्ली-एनसीआर में वायु गुणवत्ता गंभीर श्रेणी में पहुंच चुकी है।

ऐसे में पुरानी तकनीक वाले डीजल और पेट्रोल कमर्शियल वाहन प्रदूषण का बड़ा कारण माने जा रहे हैं।

# सरदार पटेल की 150वीं जयंती पर राजधानी कॉलेज और दिल्ली पुलिस द्वारा रन फॉर यूनिटी का सफल आयोजन

वेलकम इंडिया

**नई दिल्ली।** भारत के लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर राजधानी कॉलेज ने दिल्ली पुलिस (पश्चिमी जिला) के सहयोग से रन फॉर यूनिटी कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया। कार्यक्रम में देशभक्ति, उत्साह और एकता की भावना का अद्भुत संगम देखने को मिला। कार्यक्रम की शुरूआत राष्ट्रीय एकता शपथ के साथ हुई। जहां विद्यार्थियों ने देश की एकता एवं अखण्डता को बनाए रखने और देश की आंतरिक सुरक्षा और सद्भाव में सक्रिय भागीदारी का संकल्प लिया। जनकपुरी स्थित पुलिस उपायुक्त कार्यालय परिसर देशभक्ति के नारों और जोश से गूंज उठा। इस प्रेरक आयोजन का नेतृत्व प्राचार्य प्रो. दर्शन पांडे के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। उन्होंने राजधानी कॉलेज और दिल्ली पुलिस के बीच सहयोग को सराहते हुए युवाओं के चरित्र निर्माण में इसे एक सार्थक पहल बताया। प्रो. अमित जैन (छात्र संघ सलाहकार) और डॉ. मीनू (संयोजिका, सांस्कृतिक समिति) ने कार्यक्रम के संयोजक के रुप मे सक्रिय भूमिका निभाई।

साथ ही डॉ. मयूर तनेजा, डॉ. रितु पायल, डॉ. पियाली सेन घोष, डॉ. राघवेन्द्र सिंह तोमर, डॉ. मुकेश सैनी और डॉ. विनय बब्बर ने भी इसमें अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया राजधानी कॉलेज की विभिन्न सोसाइटी जैसे ठरर, ठउउ, और ठउहएइ से लगभग 200 छात्र और छात्राओं ने पूरे जोश और अनुशासन के साथ कार्यक्रम में बढ़- चढ़ कर हिस्सा लिया।



# निगम ने बढ़ाई यूजर चार्ज वसूली की रफ्तार, 7 माह में हासिल किए 5 करोड़ 65 लाख रुपए

**गाजियाबाद।** शहर की स्वच्छता व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने की दिशा में नगर निगम ने यूजर चार्ज वसूली में उल्लेखनीय उपलब्धि दर्ज की है। निगम ने वर्ष 2025-26 के पहले सात महीनों में कुल 5 करोड़ 65 लाख रुपये की वसूली की है, जो पिछले वर्ष की तुलना में काफी बेहतर प्रदर्शन है। नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक के निर्देशन में स्वास्थ्य विभाग द्वारा डोर-टू-डोर कूड़ा कलेक्शन और यूजर चार्ज वसूली दोनों ही कार्यों में उल्लेखनीय तेजी लाई गई है।

# सैकड़ों शिक्षकों ने किया प्रदर्शन, मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** जिले में शनिवार को उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के बैनर तले सैकड़ों शिक्षकों ने अपनी आवाज बुलंद की। शिक्षकों ने जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचकर कलेक्ट्रेट का घेराव किया और सरकार से अपनी लंबित मांगों के समाधान की जोरदार अपील की। प्रदर्शन का नेतृत्व संघ के जिलाध्यक्ष रविंद्र राणा ने किया। शिक्षकों ने जिलाधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नाम ज्ञापन सौंपा और कहा कि जब तक उनकी वास्तविक समस्याओं का समाधान नहीं किया जाता, तब तक किसी भी प्रकार के डिजिटाइजेशन या ऑनलाइन उपस्थिति प्रणाली को लागू करना अनुचित होगा। संघ के प्रांतीय उपाध्यक्ष डॉ. अनुज त्यागी ने कहा कि प्राथमिक शिक्षक, शिक्षामित्र, अनुदेशक और शिक्षणेत्तर कर्मचारियों की समस्याएं वर्षों से शासन के पास लंबित पड़ी हैं। उन्होंने कहा कि शासन ने अब तक शिक्षकों की समस्याओं का निस्तारण नहीं किया, उल्टा अब ऑनलाइन डिजिटल उपस्थिति जैसी अव्यवहारिक व्यवस्था थोप दी है, जिसके विरोध में शिक्षक एकजुट हैं। डॉ. त्यागी ने बताया कि शिक्षकों पर ऑनलाइन उपस्थिति लागू करने के लिए दंडात्मक कार्रवाई का भय दिखाया जा रहा है।

